वर्ष 23, अंक 272, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 26 अक्टूबर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# जर्मन चांसलर स्कोल्ज की भारत यात्रा, पीएम मोदी से की मुलाकात

# हमारा रिश्ता लेन-देन वाला नहीं, आपसी सहयोग और विश्वास का है





**नई/दिल्ली**
**मोदी** ने अपने आधिकारिक आवास पर स्कोल्ज का स्वागत किया और समझा जाता है कि उन्होंने रक्षा, व्यापार और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। स्कोल्ज भारत की अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत गुरुवार देर रात दिल्ली पहुंचे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज से मुलाकात की और द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित कई मुद्दों पर चर्चा की। मोदी ने अपने आधिकारिक आवास पर स्कोल्ज का स्वागत किया और समझा जाता है कि उन्होंने रक्षा, व्यापार और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। स्कोल्ज भारत की अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के तहत गुरुवार देर रात दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज से मुलाकात पर कहा कि मैं भारत और जर्मनी के बीच 7वें अंतर-सरकारी परामर्श में आपका और आपके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करता हूँ। यह आपकी तीसरी भारत यात्रा है और सौभाग्य से, यह मेरे तीसरे कार्यकाल की पहली कक्ष है। एक तरह से, यह हमारी मित्रता का तिहरा उत्सव है। उन्होंने कहा कि 2022 में बर्लिन में पिछली कक्ष में, हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए थे। दो वर्षों में, हमारे सामरिक संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों में उत्साहजनक प्रगति हुई है। रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, हरित और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में बढ़ता सहयोग आपसी विश्वास का प्रतीक बन गया है। मोदी ने कहा कि विश्व तनाव, संघर्षों और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में कानून का शासन और नेविगेशन की स्वतंत्रता को लेकर भी गंभीर चिंताएं हैं। ऐसे समय में भारत और जर्मनी की रणनीतिक साझेदारी मजबूत एंकर के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि यह कोई लेन-देन वाला रिश्ता नहीं है, यह दो सक्षम और सशक्त लोकतंत्रों की परिवर्तनकारी साझेदारी है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में, हम आपके द्वारा जारी की गई भारत पर ध्यान केंद्रित करने की रणनीति का स्वागत करते हैं। मुझे खुशी है कि अपनी साझेदारी को विस्तारित और उन्नत करने के लिए, हम कई नई और महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं ।

## चक्रवात दाना को खड़गे और राहुल गांधी ने बताया गंभीर प्राकृतिक आपदा

### केंद्र से लगाई मदद की गुहार



**नई दिल्ली। कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी ने ओडिशा से उठे चक्रवात दाना को संकट की घड़ी बताया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार से हर संभव मदद पहुंचाने का आग्रह किया है।

एक्स पोस्ट पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा, ओडिशा में चक्रवात दाना के आने और पश्चिम बंगाल तथा अन्य पूर्वी तटीय क्षेत्रों पर इसके प्रभाव के कारण अत्यधिक तैयारी और त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। केंद्र सरकार को प्रभावित राज्यों को व्यापक सहायता प्रदान करनी चाहिए, तथा जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक निवारक और आपातकालीन उपाय करने चाहिए। मैं सभी कांग्रेस कार्यकताओं से अपील करता हूं कि वे जरूरतमंद लोगों की सहायता करें।

कुछ ऐसी ही बात लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर कही। लंबे पोस्ट में दाना को लेकर फिक्र, केंद्र से अपेक्षा और कांग्रेस कार्यकताओं से मदद की अपील थी। उन्होंने लिखा, चक्रवात दाना का ओडिशा के तटों पर आगमन, पश्चिम बंगाल और अन्य पूर्वी तट के प्रदेशों में इसका असर और मौसम विभाग की चेतावनी एक गंभीर प्राकृतिक आपदा का अंदेशा है। प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों से आग्रह है कि वो प्रशासन के दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए स्वयं को सुरक्षित दायरे में रखें। उन्होंने आगे लिखा, केंद्र सरकार से अपेक्षा है कि वो इस संकट की घड़ी में प्रभावित राज्यों को पूर्ण सहायता प्रदान करे। नागरिकों के जान-माल की सुरक्षा के लिए और किसी भी तरह के नुकसान की रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। कांग्रेस के साथियों से अनुरोध है कि स्वयं को सुरक्षित रखते हुए।

# सोमनाथ बुलडोजर एक्शन में आया नया मोड़

## मुस्लिम युवक ने जमीन पर किया दावा, गुजरात सरकार ने बताया झूठा

**गुजरातः गुजरात** के गिर-सोमनाथ में बुलडोजर एक्शन के मामले में शुक्रवार (25 अक्टूबर 2024) को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान एक मुस्लिम संगठन ने दावा किया कि 1903 में यह जमीन उसे दी गई थी. गुजरात सरकार ने इस दावे को झूठा करार दिया और कहा कि जमीन सोमनाथ ट्रस्ट की थी. ट्रस्ट उसे काफी पहले सरकार को सौंप चुका है. अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई लंबे समय से चल रही थी. याचिकाकर्ता झूठे दावे कर इसे सांप्रदायिक रूप दे रहा है.

गुजरात सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वह फिलहाल जमीन को अपने पास ही रखेगी. इसे अभी किसी तीसरे पक्ष को नहीं दिया जा रहा है. सुप्रीम कोर्ट ने इस बयान को रिकॉर्ड पर लेते हुए कहा कि मामले में किसी अंतरिम आदेश की जरूरत नहीं है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जो याचिकाएं गुजरात हाई कोर्ट में लंबित हैं, हाई कोर्ट उन पर सुनवाई जारी रखे.

1 अक्टूबर को दायर की गई थी अवमानना याचिका

बता दें कि गुजरात के सोमनाथ मंदिर के आसपास कथित अवैध निर्माण पर इसी साल सितंबर महीने में बुलडोजर चलाया गया था. पटनी मुस्लिम समाज ने 1 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की थी. इस ? याचिका में गिर सोमनाथ के कलेक्टर और अन्य अधिकारियों के खिलाफ



अवमानना ? कार्रवाई की मांग की गई थी. याचिका में दरगाह मंगरोली शाह बाबा, ईदगाह, प्रभास पाटन, वेरावल, गिर सोमनाथ में स्थित कई अन्य स्ट्रक्चर के कथित अवैध विध्वंस का हवाला दिया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना का भी लगाया था आरोप

**अवमानना** याचिका में कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट के बुलडोजर एक्शन पर रोक के आदेश के बाद बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की गई. एक अक्टूबर को न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने बुलडोजर से विध्वंस के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई की थी. इस मुद्दे ने राजनीतिक रंग भी लिया था. एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने इसे कार्रवाई की निंदा करते हुए बीजेपी सरकार पर हमला किया था।

## हम समाजवादी पार्टी के साथ हैं और मजबूती से लड़ेंगे चुनाव : अजय राय

**लखनऊ। यूपी** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को आईएएनएस से बात की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में नौ सीटों पर हो रहे उपचुनाव व इस संबंध में जारी राजनीतकि घटनाक्रमों पर चर्चा की।

निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद उपचुनाव में दो टिकट मांग रहे थे। इसे लेकर वह दिल्ली भी गए। लेकिन, आज प्रेस वार्ता कर कह रहे हैं कि उन्हें सीट नहीं, जीत चाहिए। इस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा, वो बहानेबाजी कर रहे हैं।

# प्रदूषण नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार 24 घंटे कर रही है काम : गोपाल

**नई दिल्ली। दिल्ली** सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को उन्होंने कहा, "दिल्ली सरकार प्रदूषण नियंत्रण के लिए 24 घंटे काम कर रही है।"

गोपाल राय ने कहा कि धूल और वाहनों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। दिल्ली सरकार जागरुकता अभियान चला रही है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रदूषण के बारे में जागरूक किया जा सके। 'रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ' अभियान चलाया जा रहा है। आज से हम इस अभियान के तहत स्टीकर कैंपेन शुरू कर रहे हैं।



सुप्रीम कोर्ट की सख्ती और पराली जलाने पर गोपाल राय ने कहा, "प्रदूषण के खिलाफ हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। यह समस्या पूरे उत्तर भारत की है। सभी सरकार मिलकर काम करेगी तो जमीन पर इसका असर देखने को मिलेगा। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगी है। उत्तर प्रदेश हरियाणा को भी सक्रियता से काम करने की जरूरत है।"

दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक में कृत्रिम वर्षा को लेकर चर्चा के बारे में पूछे जाने पर गोपाल राय ने कहा, "ग्रैप-2 का नियम दिल्ली में लागू है। नियम को लागू कराने में जो दिक्कत आ रही उनके बारे में बात हुई है। सिविल डिफेंस के वॉलंटियर को इस अभियान में शामिल किया जाएगा। जहां तक कृत्रिम वर्षा की बात है, हम लोगों ने उपराज्यपाल से भी बात की है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री से हम लगातार बात कर रहे हैं कि अगर इमरजेंसी के हालात बनते हैं तो पायलट प्रोजेक्ट के तहत कृत्रिम वर्षा कराई जा सके।"

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा द्वारा यमुना में डुबकी लगाने पर गोपाल राय ने कहा, "दिल्ली में प्रदूषण बढ़ रहा है और भाजपा की नौटंकी भी बढ़ रही है।

## हम लोग मिलकर चुनाव लड़ेंगे और इंडी गठबंधन को हराएंगेः ब्रजेश पाठक



**लखनऊ। यूपी** की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। आज नामांकन का आखिरी दिन है। 13 नवंबर को 9 सीटों पर वोट डाले जाएंगे और 23 नवंबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस बीच यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने 9 सीटों पर जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा है कि विरोधी खेमे का खटाखट, सटासट और फटाफट वादा खोखला साबित हुआ है और एनडीए के साथ है।

यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने 9 सीटों पर हो रहे विधानसभा के उपचुनाव पर कहा, निषाद पार्टी गठबंधन के साथ मिलकर देश और प्रदेश के लिए काम कर रहे हैं। संजय निषाद मेरे मित्र हैं और हम कॉलेज के दिनों में साथ पढ़े हैं। जमीन से उठकर अपनी मेहनत के दम पर उन्होंने देश और प्रदेश में एक मुकाम हासिल किया है। भाजपा और निषाद पार्टी का गठबंधन बूथ स्तर पर उतर चुका है।

# आंध्र प्रदेश के तिरुपति में तीन होटलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली




**आंध्र प्रदेश**
**आंध्र प्रदेश** के तिरुपति जिले के मंदिर क्षेत्र में स्थित तीन होटलों को ईमेल के जरिए बम की धमकियाँ मिली हैं। धमकियों के जवाब में, पुलिस और खोजी कुत्तों ने होटलों की गहन तलाशी ली, जिससे पुष्टि हुई कि यह धमकी एक धोखा थी। आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के मंदिर क्षेत्र में स्थित तीन होटलों को ईमेल के जरिए बम की धमकियाँ मिली हैं। धमकियों के जवाब में, पुलिस और खोजी कुत्तों ने होटलों की गहन तलाशी ली, जिससे पुष्टि हुई कि यह धमकी एक धोखा थी। लीला महल, कपिला तीर्थम और अलीपीरी क्षेत्रों में स्थित तीन निजी होटलों को गुरुवार शाम को ईमेल के जरिए धमकियाँ मिलीं। धमकी भरे ईमेल की विषय पंक्ति में लिखा थाः "पाकिस्तानी क्रक सूचीबद्ध होटलों में इम्प्रोवाइज्ड एऊ सक्रिय करेगी, रात 11 बजे तक खाली करवाए जाएँगे! ळठ उट शामिल हैं।

### देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर वेस्ट से दाखिल किया नामांकन

# महाराष्ट्र का विकास हमारा लक्ष्य- देवेंद्र फडणवीस

**महाराष्ट्र**
**फडणवीस** ने दावा किया कि महायुति सरकार द्वारा किए गए कार्यों के साथ, हम राज्य में फिर से सरकार बनाएंगे। हमारा एकमात्र लक्ष्य है - हमने महाराष्ट्र को जो गति दी है, उसकी जरूरत है कि महायुति सरकार फिर से सत्ता में आए।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शुक्रवार को नागपुर दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और नामांकन दाखिल करने से पहले नागपुर में रोड शो किया। उन्होंने कहा कि मुझ पर भरोसा जताने और मुझे छठी बार टिकट देने के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि लोग मुझे आशीर्वाद देंगे।



फडणवीस ने दावा किया कि महायुति सरकार द्वारा किए गए कार्यों के साथ, हम राज्य में फिर से सरकार बनाएंगे। हमारा एकमात्र लक्ष्य है - हमने महाराष्ट्र को जो गति दी है, उसकी जरूरत है कि महायुति सरकार फिर से सत्ता में आए। उन्होंने कहा कि नितिन गडकरी के नेतृत्व में नागपुर में जो विकास कार्य हुआ है, उसे सभी ने देखा है। पिछले 10 सालों में हमारे काम को देखिए और कांग्रेस के शासनकाल के दौरान किए गए कामों को देखिए, हमें बताने की जरूरत नहीं है कि हमने नागपुर को बदल दिया है।

इससे पहले, भाजपा ने रविवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 99 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। महाराष्ट्र के मतदाता 20 नवंबर को एक चरण में मतदान करेंगे। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल नवंबर में समाप्त हो रहा है, ऐसे में राज्य में दो गठबंधनों के बीच कड़ी टक्कर होने वाली है - महा विकास अघाड़ी (एमवीए), जिसमें उद्धव ठाकरे की सेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार) और कांग्रेस शामिल हैं।

# नहाते समय यमुना नदी में डूबने से छात्रा की मौत, तलाश जारी



अखंड भारत संदेश

**लालापूर।** क्षेत्र के अमिलिया तरहार से अपने परिवार के महिलाओ के साथ यमुना नदी में स्नान करने गई 15 वर्षीय छात्रा की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई। करीब 12 घंटे तक ग्रामीणों मछुवारों गोताखोरो के अथक प्रयास के बाद गोताखोरों ने भी शव को यमुना से बाहर नही निकाल सके।

शुक्रवार को अमिलिया तरहार गाँव में रहने वाली 15 वर्ष की पूजा त्रिपाठी अपने गाँव की परिवार की महिलाओ के साथ यमुना नदी में अमिलिया तरहार जमुना नदी कछार की तरफ स्नान करने सुबह भोर में गई थी। सुबह करीब 5 बजे बजे पूजा त्रिपाठी यमुना नदी में स्नान करते समय गहरे पानी में डूब गई । महिलाओ के शोर मचाने पर गाँव के पास खेत में ट्युबेल पर आवाज

## 12 घंटे तक खोजबीन के बाद भी नहीं मिली पूजा की लाश



पहुंची तो कुलदीप भी जा कर बचाने का प्रयास किया लेकिन तब तक पूजा डूब चुकी थी उसके बाद गाँव की भीड़ इकठा हो गए तब तक डूब चुकी थी जिसकी वजह से लाश भी नहीं मिल सकी बाद में 12 घंटों तक गोताखोरों ने यमुना नदी में कभी खोजबीन किये लेकिन कोई पूजा की लाश का कोई पता नहीं चला छात्रा की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर सीओ बारा,नायब तहसीलदार,लेकपाल सहित लालापुर थाना अध्यक्ष अमित मिश्रा भी दिन भर मौजूद रहे। पूजा मां शिवकुमारी इंटर कालेज की छात्रा थी उधर कालेज के प्रबंधक लाला शुक्ला को जानकारी हुई तो शोक व्यक्त कर कालेज में छुट्टी कर दिए लालापुर थाना अध्यक्ष अमित मिश्रा नें बताया की पूजा हाई स्कूल की छात्रा थी। मछुवारों सहित एडीआरफ की भी टीम लगाई गई थी लेकिन शाम तक पूजा की लाश का कोई पता नहीं चला शनिवार को फिर से एडीआरफ की टीम को लगा कर तलाश किया जायेगा।

## नौकरी से वंचित करने का वाराणसी के डीसीपी का आदेश रद्द

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस कांस्टेबल की नौकरी से वंचित करने के वाराणसी के डीसीपी के आदेश पर रोक लगाते हुए पुनर्विचार कर नया आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश जेजे मुनीर की अदालत ने सिद्धार्थ सिंह की याचिका पर दिया है।याचिकाकर्ता ने 2013 में पुलिस भर्ती परीक्षा पास की थी। इसके बाद वैवाहिक विवाद में उसकी भाभी की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे के कारण पुलिस कांस्टेबल की नौकरी से उसे वंचित कर दिया गया। जबकि, वह उक्त मामले में बरी हो गया था। याची ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दीकोर्ट ने कहा कि एक मशीनी दृष्टिकोण हमेशा आपराधिक मामला दर्ज होने मात्र से आरोपी व्यक्ति को सार्वजनिक रोजगार से अयोग्यता की ओर ले जाता है, भले ही वह बरी हो गया हो। व्यक्ति के खिलाफ मामले की प्रकृति और उस पृष्ठभूमि को ध्यान में रखना होगा। समाज में मौजूदा परिस्थितियों में झूठे निहितार्थों के कारण मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति को साफ-सुथरी पृष्ठभूमि से, कड़ी मेहनत से पाए सार्वजनिक रोजगार से वंचित करना उचित नहीं है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए डीसीपी वाराणसी के तीन फरवरी 2023 के आदेश को रद्द कर दिया।

# खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों का होता है शारीरिक और मानसिक विकास : अंकित तिवारी

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** सिरसा के बगहा चौकी में स्थित एमएल पब्लिक स्कूल में संचालित पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के चौथे दिन के खेल में कबड्डी,बास्केट बाल,लांग रेस,खो खो का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें रिंग कोन रेस में अनेक पटेल ने मेडल जीता। लांग रेस प्राइमरी में ब्लू हाउस की टीम विजई रही।बास्केट बाल प्राइमरी में यलो हाउस की टीम ने जीत दर्ज किया। इसी प्रकार खो खो जूनियर में रेड हाउस और सीनियर में ग्रीन हाउस की टीम ने जीत हासिल किया जबकि कबड्डी सीनियर में रेड हाउस की टीम विजई रही। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि सिरसा चौकी प्रभारी अंकित तिवारी ने खेल में जीते हुए सभी बच्चो को मेडल, शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान प्रतियोगिता में उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चो को पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद में भी रुचि लेना चाहिए क्योंकि खेल कूद से बच्चों का शारीरिक और मानसिक दोनों का विकास होता है। इसी क्रम में श्री तिवारी असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर गौरव यादव ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय ज्ञान का मंदिरऔर शक्ति का केंद्र है। बच्चे स्कूल से ही आगे बढ़ते हैं स्कूल के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने भी जीते हुए बच्चो को प्रमाण पत्र देकर

एमएल पब्लिक स्कूल बगहा चौकी में संचालित पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के चौथे दिन खेला गया कबड्डी बास्केट बाल लांग रेस एवं खो खो का खेल



सम्मानित करते हुए कहा कि जीवन में धैर्य और अनुशासन से ही व्यक्ति सफल हो पाता है और खेलों में भी धैर्य और अनुशासन ही जीत की पूंजी है। प्रधानाचार्य सतीश उपाध्याय ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चो और आए हुए अतिथियों को धन्यवाद दिया। प्रतियोगिता को कुशलता पूर्वक संपन्न करने में स्कूल के खेल शिक्षक अभिरंजन गुप्ता,विपिन शुक्ला, गौरव पाण्डेय, मोहनीश मिश्रा, कुलदीप शर्मा,मनोज विश्वकर्मा, कमलेश शर्मा, विपुल यादव, बिजेंद्र राय, विजय जैसल, अविनाश, नवदीप यादव, मदन लाल, रवि केशरी, रिशु, पूजा त्रिपाठी, रीना यादव, सविता, इति सिंह आदि के अलावा स्कूल के बच्चो की सराहनीय भूमिका रही।

# शुक्रवार को भी तहसील कोरांव में जारी रही हड़ताल

अखंड भारत संदेश

**कोराव।** तहसील कोराव मे शुक्रवार को भी अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह के विरुद्ध अपनी हड़ताल जारी रखी। बता दे कि तहसील कोराव मे उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह के कार्यप्रणाली से नाराज अधिवक्ताओं ने बुधवार से ही लामबंद होकर उनके न्यायालय के सामने धरना पर बैठ गए हैं एक स्वर में अधिवक्ताओं का कहना है कि अब इनसे समझौता नहीं बल्कि जब तक इनका यहां से ट्रांसफर नहीं होता तब तक हम सब इनके खिलाफ हड़ताल जारी रखेंगे। अधिवक्ताओं में मुख्य रूप से बार एसोसिएशन कोराव के पूर्व अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, अरुण मिश्रा बाबा, जी के सिंह दादा, रोहिणी तिवारी, रामेश्वर प्रसाद तिवारी, सुरेन्द्र दुबे, श्री कांत मिश्रा,ललन तिवारी, उमाकांत तिवारी, श्याम सुन्दर तिवारी, बार एसोसिएशन के मंत्री



विंध्यवासिनी प्रसाद शुक्ला, शेखर दुबे, राम बहादुर सिंह,धीरेन्द्र शुक्ला,योगेंद्रनाथ दुबे राजू, विनीत मिश्रा, सुनील कुमार पाण्डेय, राघवेंद्र मिश्रा, शशि कांत पाण्डेय भास्कर यादव, रवी प्रकाश तिवारी, इंद्र प्रकाश पाण्डेय, विवेक गौतम, मणि शंकर शर्मा, संतोष कुशवाहा, समय लाल प्रजापति प्रभातेश्वर मिश्रा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। इसी तरह वकीलों के एक गुट ने हड़ताल के बाबत चुप्पी साध रखी है। इसमें चर्चा है कि बार के अध्यक्ष ने न्यायिक कार्य चालू करने का समर्थन किया था।

## दुष्कर्म व पॉक्सो के आरोपी को मिली जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पांच महीने से जेल में बंद दुष्कर्म व पॉक्सो के आरोपी को सशर्त जमानत दे दी है। न्यायालय ने कहा है कि शर्तों के उल्लंघन पर ट्रायल कोर्ट को जमानत रद्द करने का अधिकार है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने अनुराग कुमार की अर्जी पर दिया। प्रयागराज के सोरांव थाना में 30मार्च2024 को आरोपी पर दुष्कर्म व पॉक्सो सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिक बेटी को बहलाफुसला कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आवेदक की वकील अमिताभ पटेल ने दलील दी कि आवेदक को इस मामले में झूठा फंसाया गया है। पीड़िता व वादिनी के बयान में विरोधभास है। चिकित्सीय जांच में पीड़िता के शरीर पर किसी प्रकार की आंतरिक व वाह्य चोट नहीं पाई गई। अन्य कई दलीलें दीं। वहीं शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध किया।

# तीन दिवसीय नाट्य समारोह का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं कालीदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन (म.प्र.) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय लोकनाट्य समारोह में शुक्रवार को राजेन्द्र त्रिपाठी द्वारा लिखित नाटक सुल्ताना डाकू का मंचन संतोष कुमार के निर्दशन में पं सूर्य नारायण व्यास संकुल प्रेक्षागृह में (म.प्र.) में हुआ। नाट्य समारोह के पहले दिन सुल्ताना डाकू नाटक के मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. चिंतामणि मालवीय (विधायक) आलोट, उज्जैन तथा विशिष्ट अतिथि गोविंद गन्धे, निदेशक, कालीदास संस्कृत अकादमी एवं शरद शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।अंग्रेजी शासन के दौरान हुए बिजनौर के नजीबाबाद के प्रसिद्ध डाकू सुल्ताना के जीवन पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। अंग्रेजी शासन के जीवंत दृश्यों ने सभी दर्शकों की प्रशंसा बटोरी। द्वारिका लोकनाट्य कला उत्थान के कलाकारों ने सुल्ताना डाकू के जीवन

लोक नाट्य समारोह में डाकू सुल्ताना के नाटक का किया गया मंचन



से जुड़े कई प्रसंगों को मंच पर जीवंत किया। नाटक के माध्यम से दिखाया गया कि सुल्ताना ब्रिटिश हकुमत के लिए तो डाकू था, लेकिन वास्तव में वह गरीब समाज के लिए किसी देवता से कम नहीं था। आजादी के लिए जब समाज का हर व्यक्ति अपने स्तर से हर सम्भव योगदान दे रहा था। तो सुल्ताना डाकू निर्धन व शोषित लोगों को आर्थिक सहायता व सुरक्षा मुहैया करा रहा था। उसकी महिला मित्र फूलकंवर उसे इस गलत रास्ते से हटाकर दूसरे तरीकों से समाज की सेवा करने के लिए कहती है। तो सुल्ताना कहता है कि जब समाज में नीच, ऊंच, छोटा, बड़ा का भेद बढ़ेगा। तब सुल्ताना पैदा होता रहेगा। जब पुलिस के द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है और फांसी की सजा सुनाई जाती है तो सुल्ताना डाकू स्वयं फांसी के फंदे पर लटक जाता है और नाटक का दुःखद अंत हो जाता है। नाटक की परिकल्पना केंद्र के प्रभारी निदेशक आशिस गिरि ने किया है। सुल्ताना डाकू की भूमिका में संतोष कुमार तथा मंच पर अशर्फी लाल, रतन कुमार, भारत लाल, रमेश कुमार, आत्मा कुमार, विजय कुमार, घनश्याम, राकेश आदि ने अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों को अभिभूत किया। इस अवसर पर काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## मेजाखास की रामलीला में लक्ष्मण शक्ति व राम विलाप की लीला देख भाऊक हुए दर्शक



**मेजा।** मेजा खास की 11वें दिन की रामलीला में अंगद - रावण संवाद एवं लक्ष्मण शक्ति की लीला का बेहतरीन मंचन कुशल कलाकारों द्वारा किया गया। श्रीराम के शांति दूत बनकर लंका में पहुंचे अंगद अपना पैर जमा कर लंका वालों को पैर उठाने की चुनौती देते हैं। युवराज अंगद की चुनौती पर रावण उठता है तो अंगद यह कहते हुए अपना पैर पीछे हटा लेते हैं कि पैर पकड़ना है तो प्रभु के चरणों को पकड़िए जिससे तुम्हारा कल्याण हो जाए। रावण युद्ध करने के लिए अडिग रहा। इसके बाद मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच घनघोर युद्ध हुआ। लक्ष्मण युद्ध भूमि में मेघनाथ के शक्ति बाण से मूर्छित हो जाते हैं। लक्ष्मण को शक्ति वाण लगने की सूचना रामादल को मिलती है। तो पूरा रामादल शोक में डूब जाता है। इस दौरान राम विलाप की लीला देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई। सुषेन वैध की सलाह पर हनुमानजी कालिनेमि का बध कर सूर्य उदय से पहले संजीवनी बूटी लेकर आ जाते हैं। संजीवनी बूटी पीने के बाद मूर्छित लक्ष्मण ठीक हो जाते हैं और रामादल में पुनः खुशियां छा जाती है यह दृश्य देख संपूर्ण रामलीला परिसर जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हो जाता है। रामलीला में कमेटी के अध्यक्ष मनीष गुप्ता, डायरेक्टर तौलन प्रसाद, हरिश्चंद्र त्रिपाठी(पत्रकार), लालजी मिश्र, कैलाश गुप्ता, सुधीर गुप्ता, सुनील शर्मा, संजीव सिंह, राहुल मिश्र, नरेंद्र, वीपी सिंह, मनीष श्रीवास्तव, सुनील कुशवाहा आदि कलाकारों ने कुशल अभिनय कर दर्शकों का मन मोह लिया।

## विनय न मानत जलधि जड़ गए तीनि दिन बीति। बोले राम सकोप तब भय बिनु होइ न प्रीति



**जंघई।** आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू डीह की श्री रामलीला में सेतु निर्माण, रामेश्वरम की स्थापना व अंगद और रावण संवाद की लीला का मंचन किया गया।लीला में विभीषण अपने भाई रावण से अपमानित होकर श्रीराम की शरण में आते हैं। इसके बाद श्रीराम समुद्र के किनारे भगवान भोलेनाथ से विजय का आशीर्वाद लेने के लिए रामेश्वरम की स्थापना करते हैं इसके बाद भगवान ने समुद्र पर पुल बनवाया। समुद्र पार कर भगवान की वानर सेना लंका जा पहुंचीं इसके पश्चात भगवान ने रावण के पास अपना दूत बनाकर अंगद को भेजा। अंगद ने रावण को समझाया कि अपना भला चाहते हो तो माता सीता को लौटा कर भगवान की शरण में आ जाओ इस पर रावण क्रोधित हो जाता है तब अंगद ने रावण को अपना पैर हिलाने की चुनौती दी अंगद रावण का परस्पर तीखा संवाद होता है मेघनाद सहित तमाम लोग अंगद का पांव नहीं उठा पाते अंत में रावण अंगद का पांव उठाने जाता है तो अंगद कहते हैं कि रावण मेरा पैर उठाने के बजाए भगवान श्रीराम की शरण में चले जाओ कल्याण हो जाएगा श्रीराम लीला को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं।इस अवसर पर इस अवसर पर सहयोगियों एवं पात्रों में लल्लन प्रसाद पांडेय, रंगनाथ उपाध्याय, मातादीन उपाध्याय, सुशील उपाध्याय, अनिल पांडेय, उदयराज उपाध्याय, संजय उपाध्याय, अभिनव पांडेय, व्यास अवधेश तिवारी, आलोक सिंह, गौरव राजपूत, प्रशांत सिंह, पवन उपाध्याय, मनीष तिवारी, लवकुश तिवारी, रॉकी पांडेय, रवि उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, राजा तिवारी, शुभम तिवारी, अविनाश मिश्र, विशाल, छोटू, अभिषेक, दिव्यम, अनुज, गौरव, सनी, निराले, आनंद, लवकुश मिश्रा, अंकित तिवारी, अंकेश तिवारी, हर्ष, बिरजू प्रजापति, राजेश गौड़, बच्ची प्रजापति, लवकुश उपाध्याय, कड़ेदीन मौर्य एवं श्रीकांत सांवरा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय भारोत्तोलन खेल में सुमैया नायब गोल्ड मेडलिस्ट का राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में चयन

राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में सुमैया के चयन पर प्रधानाचार्य अमित पांडेय ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**करछना।** जिले में आयोजित चार दिवसीय 68वीं प्रदेशीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल के छात्रों द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया। विजेता खिलाड़ियों के स्कूल पहुंचने पर शिक्षकों औ? छात्र छात्राओं ने विद्यालय की छात्रा का सम्मान किया तथा उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। तहसील करछना के श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर की कक्षा ग्यारह विज्ञान वर्ग की छात्रा सुमैया नायब ने भारोत्तोलन की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अर्जित किया है। जिसका राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयन भी हुआ है। सुमैया की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रांगण में आने पर स्वागत



और सम्मान किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय द्वारा सुमैया नायब को शील्ड,चेक एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि मंडल, प्रदेश स्तर के बाद राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी सुमैया अपनी प्रतिभा से अपना एवं प्रयागराज जनपद का नाम रोशन करें। आगामी दिसंबर माह में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता दिल्ली में आयोजित की जाएगी। जिसमें देश भर के खिलाड़ी अपनी किस्मत आजमाएंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक शुशील सिंह,आर एस यादव, वीणा उपाध्याय, अखिलेश शुक्ल,अमरेंद्र कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, आरती मौर्य,इन्द्रबहादुर सिंह,गणेश शुक्ल,रामसुंदर सहित सभी शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक आशीष शुक्ल ने किया।

# भागवत कथा वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बताती है- राघवेंद्राचार्य महाराज



**जंघई।** पांडेयपुर गांव में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास राघवेंद्राचार्य महाराज श्रीधाम वृंदावन ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने कृष्ण जन्म कथा के बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गो प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, माखन चोरी गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का कथा के दौरान वर्णन किया कंस का आमंत्रण मिलने के बाद भगवान श्री कृष्ण बड़े भाई बलराम जी के साथ मथुरा को प्रस्थान करते हैं। श्रीमद्भाभागवत कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा बीच-बीच में सुनाए गए भजन पर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने बताया कि भागवत कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है कलयुग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में मानस पुण्य तो सिद्ध होते हैं परंतु मानस पाप नहीं होते। कलयुग में हरी नाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है कलयुग में ईश्वर का नाम ही काफी है सच्चे हृदय से हरि नाम के सुमिरन मात्र से कल्याण संभव है। महाराज द्वारा रासपंचध्याय एवं गोवर्धन पूजा प्रसंग पर विस्तृत चर्चा करते हुए गोवर्धन पूजा करवाई इस अवसर पर आरती प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर यजमान ओमप्रकाश पांडेय, श्रीनाथ पांडेय, रामचंद्र पांडेय, राजेंद्र प्रसाद पांडेय, शेषमणि पांडेय, जयप्रकाश पांडेय, सुरेश पांडेय, शिव प्रकाश पांडेय, राम प्रकाश पांडेय, राजेश पांडेय, बृजेश पांडेय, प्रधान भानीपुर सौरभ पांडेय, जयनाथ पांडेय, मनोज मिश्रा, कपिल देव तिवारी, रविराज तिवारी, तबला वादक शैलेश दुबे, संदीप सुहाना, अजय, प्रधान प्रतिनिधि भानीपुर राकेश पांडेय, धनराज विश्वकर्मा, मनीष पांडेय, आदर्श पांडेय, अजय, अभय, सौरभ, सूरज सहित तमाम श्रोतागण मौजूद रहे।



## दीपावली की शॉपिंग एवं पिकनिक मनाने के लिए मंत्री नंदी के साथ बच्चे लखनऊ रवाना

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी प्रत्येक वर्षों की तरह इस वर्ष भी हर घर रोशनी, हर घर दीपावली अभियान के तहत अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दलित बस्तियों एवं झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के साथ दीपावली का त्यौहार मनाएंगें। मंत्री नन्दी ने शुक्रवार को मेडिकल चौराहे पर प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ सात लग्जरी बसों को हरी झंडी दिखाकर अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के नैनी और मीरापुर मंडल के 380 बच्चों को लखनऊ के लिए रवाना किया। जो लखनऊ के आनन्दी वाटर पार्क में पिकनिक का आनन्द लेने के साथ ही शनिवार को लूलू मॉल में दीपावली की खरीददारी करेंगे। इन 380 बच्चों के अलावा 410 बच्चे शुक्रवार को वंदे भारत एक्सप्रेस से मंत्री नन्दी के साथ लखनऊ के लिए रवाना हो गए। मंत्री नन्दी ने कहा कि झुग्गी झोपड़ियों और दलित बस्तियों में रहने वाले बच्चों के चेहरे की खुशी और उनका आनन्द ही हमारी संतुष्टी और पूंजी है।

# एसडीएम के पहुंचते ही ताला बंद कर भाग निकला कोटेदार

एसडीएम ने सील किया गया कोटेदार का गोदाम

गौशाला का किया भी निरीक्षण कर गंदगी पर जताई नाराजगी

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** उप जिलाधिकारी कोराव आकांक्षा सिंह ने शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में दुरदराज से आए लोगों की शिकायतें सुनी इस दौरान शिकायतों के त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया जनता दर्शन के बाद उप जिला अधिकारी ने क्षेत्रीय लेखपालों कानूनगो और अमीनो के साथ बैठक की साथी सभी को क्षेत्र में समय देने के साथ लंबित मामलों के कार्य के लिए निर्देशित किया। जनता दर्शन और मीटिंग से बरी होने के बाद उप जिलाधिकारी में तहसील क्षेत्र के देवरी गांव में सस्ते गल्ले की दुकान का औचक निरीक्षण किया। बताते



चलें कि कोरांव तहसील क्षेत्र के देवरी गांव के कोटेदार की शिकायत तहसील समाधान दिवस मे भारी संख्या मे कार्ड धारको ने की थी, जिसकी जांच आपूर्ति निरीक्षक कोरांव सुनील सिंह द्वारा की जा रही है। शुक्रवार को जब उपजिलाधिकारी कोरांव आकाक्षा सिंह, नायब तहसीलदार डैया राम मुरत व स्थानीय पुलिस व नीरज यादव सप्लाई आफिस बाबू के साथ कोटेदार का स्टॉक सत्यापन चेक करने पहुंची तो मौके पर कोटेदार नहीं मिला। पूछताछ में पता चला कि कोटेदार अपने घर में ताला लगाकर परिवार सहित गायब हो गया है इसके उपरांत उप जिलाधिकारी के निर्देश पर गोदाम को सील कर दिया गया।

### कुछ पशुओं के कान में नहीं मिला टैग

कोट की दुकान का निरीक्षण करने के बाद उप जिलाधिकारी में पथरपुर गांव मे बनी गौशाला चेक की। मौके पर कुछ पशुओ को टैग नहीं मिला। साफ सफाई समुचित ब्यवस्था न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और तत्काल सभी ब्यवस्थाओ को सही करने का निर्देश दिया।
गौशाला का निरीक्षण किया गया जो कमिया मिली उसकी रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज को भेजा जायेगा

**आकांक्षा सिंह**
**उपजिलाधिकारी कोरांव प्रयागराज**

# महाकुंभ 2025 को भव्य, दिव्य, स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक सपन्न

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को भव्य, दिव्य, स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर की अध्यक्षता, पुलिस आयुक्त तरुण गाबा, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक प्रेम गौतम, मेलाधिकारी विजय किरण आनंद तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में जनपद के गणमान्य व्यक्तियों एवं संस्था प्रमुखों के साथ कुंभ स्टेक होल्डर्स की बैठक आई ट्रिपल सी सभागार में संपन्न हुई जिसमें आगामी कुंभ के दृष्टिगत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सर्वप्रथम मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने महाकुंभ के दृष्टिगत जनपद में कराये जा रहे स्थायी कार्यों, कुंभ मेला क्षेत्र के प्रस्तावित लेआउट एवं अस्थायी नगर को बसाने हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में सभी को अवगत कराया तथा सभी स्टेक होल्डर्स को महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं के सुगम स्नान हेतु सुव्यवस्था बनाने में मदद करने की अपील की। इस दिशा में उन्होंने सभी स्टेक होल्डर्स से अधिक से अधिक आने वाले श्रद्धालुओं/उनके जानने वालों/ परिजनों को जिस रास्ते से वो आ रहे हैं उस जोन पर पडने वाले घाट पर ही स्नान कर वापस जाने की अपील करने को कहा जिससे कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से संगम नोज पर अनावश्यक भीड़ बढ़ने से बचा जा सके। उझूंसी की तरफ ऐरावत घाट एवं नाग वासुकी के पास नागवासुकी घाट, जो कि दोनों ही गंगा के तट पर हैं एवं संगम क्षेत्र में आते हैं, वहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सुगम स्नान की व्यवस्था भी की जा रही है। उन्होंने ट्रैफिक एवं पार्किंग प्लान के बारे में अवगत कराते हुए सभी स्टेक होल्डर्स से अनुरोध किया कि वे स्नान पर्व पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से उनके रास्ते में पड़ने वाले पार्किंग में ही पार्किंग करने की अपील करें जिससे कि अनावश्यक गाड़ियों को शहर में आने से रोका जा सके। साथ ही यह भी बताया कि शहर एवं मेला क्षेत्र में ई-रिक्शा का संचालन कलर कोडिंग के हिसाब से कराया जाएगा और एक कलर कोड के ई-रिक्शा सिर्फ एक जोन में ही अनुमन्य होंगे।

महाकुंभ के दृष्टिगत इस बार 38 मार्गों का सौंदर्गीकरण कराया जा रहा है जिसमें लैंडस्केपिंग, हॉटीकल्चर, थमेटिक्स डेवलपमेंट एवं सिविल वर्स का कार्य सम्मिलित है। 40 चौराहों की री डिजाइनिंग तथा 2842 पोल एवं 67.5 किलोमीटर रोड पर थिमैटिक लाइटिंग कराई जा रही है। लगभग 15 लाख वर्ग फिट में कलाकृतियाँ एवं 20 हजार वर्ग फिट में म्यूरल विकसित करने के साथ 374 पाकों का जीर्णोद्धार, 316 किलोमीटर मार्गों का नवीनीकरण तथा हरित पट्टी विकसित करने के दृष्टिगत लगभग 2.71 लाख पौधे रोपित किए जा रहे हैं। शहर के चार प्रमुख मार्गों पर 4 थैमैटिक गेट्स, विभिन्न स्थानों पर लगभग 1470 साइनेज तथा जनपद के सौंदर्यीकरण के दृष्टिकोण से 10 मार्गों पर कॉमन फसाड डेवलपमेंट किया जा रहा है।इस बार मेला क्षेत्र को और वृहद बनाते हुए लगभग 4000 हे० में बसाया जा रहा है तथा 1800 हे० में पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी। मेला क्षेत्र को 25 सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा तथा 30 पान्टून ब्रिज बनाए जाएंगे। फूड्ज जोन, थिमैटिक लाइटिंग, 30 अस्थाई गेट, ज्योर्तिलिंग पार्क, स्टेट पवेलियन एवं संस्कृति ग्राम, गंगा पंडाल, कन्वेंशन हॉल तथा कलाग्राम भी बनाया जाएगा।स्वच्छता के दृष्टिगत लगभग 1.5 लाख टॉयलेट्स ऐंड यूरिनल्स लगाए जाएंगे। 120 टिपर, 40 कॉम्पैक्टर्स एवं 10000 सेनिटेशन वर्कर्स की मदद से पूरे मेला क्षेत्र को स्वच्छ रखा जाएगा। साथ ही पूरे मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के दृष्टिगत आईसीटी बेस्ड मानिटरिंग की जाएगी।शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने हेतु चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के बारे में जानकारी देखते हुए नगर आयुक्त श्री चंद्र मोहन गर्ग ने अवगत कराया कि हर दुकान दस्तक अभियान के अंतर्गत लगभग 2000 दुकानों का चिन्हांकन करते हुए 204 किलो से अधिक प्लास्टिक अब तक सीज की जा चुकी है। उन्होंने नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों पर रखी कॉइन मशीन्स, जिससे 10 डालकर एक बैग लिया जा सकता है, विभिन्न वेडिंग जोन्स में मिट्टी के बर्तन, पत्तल एवं जूट बैग्स विकल्प के रूप में उपलब्ध कराने जैसे किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी सभी स्टेक होल्डर्स को अवगत कराया। मण्डलायुक्त ने अवगत कराया कि जनपद और मेला क्षेत्र को प्लास्टिक फ्री बनाने के दृष्टिगत स्कूलों में प्लास्टिक फ्री अभियान चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत 4 लाख से अधिक बच्चों को टारगेट करते हुए उन्हें प्लास्टिक मुक्त जनपद बनाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। अपर पुलिस महानिदेशक ने इस मौके पर अधिक से अधिक यूनिवर्सिटी के बच्चों को जोड़ते हुए उन्हें रोड सेफ्टी, ट्रैफिक मैनेजमेंट एंड रेलवे संबंधित बेसिक ट्रेनिंग देने की अपील की जिससे कि महाकुंभ के अवसर पर ये बच्चे ट्रैफिक मैनेजमेंट एवं भीड़ प्रबंधन में सहयोग कर सकें।सुरक्षा एवं निगरानी के दृष्टिगत पूरे मेला क्षेत्र को 10 जोन में बांटा गया है जिसमें 56 थाना एवं 155 चौकियां बनायी जायेगी। मेला क्षेत्र के भीतर 200 स्थानों पर लगभग 744 अस्थायी सीसीटीवी कैमरे भी लगाये जाएंगे। इसके अतिरिक्त शहर के 268 स्थानों पर 1107 स्थायी सीसीटीवी कैमरे एवं 100 से अधिक पार्किंग स्थलों पर 720 सीसीटीवी कैमरे भी लगाये जाएंगे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, केस दर्ज

**प्रयागराज।** नौकरी दिलाने के नाम पर 2.50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। गंगापार के सैदाबाद थाना क्षेत्र के दुसौनी गांव के रहने वाले शिवकुमार के पिता विश्वनाथ राजकीय मुद्रणालय में नौकरी करते है। विश्वनाथ के साथ ही संतोष कुमार भी वहीं नौकरी करते हैं। विश्वनाथ अपने बेटे को नौकरी लगवाना चाहते थे।संतोष के माध्यम से विश्वनाथ की मुलाकात मो. अकरम निवासी गुलाब बाड़ी खुल्दाबाद के साथ हुई। अकरम ने विश्वनाथ से कहा कि उनके बेटे को एक इंटर कॉलेज में नौकरी लगवा देगा। कहा कि प्रबंध समिति के प्रबंधक से सेटिंग हो गई है। उसने कहा कि नौकरी दिलाने के ढाई लाख रुपये लेगा। विश्वनाथ ने बेटे शिवकुमार की नौकरी लगवाने के लिए अकरम को 2.50 लाख रुपये और शैक्षिक दस्तावेज सौंप दिए।इतना ही नहीं उसने 50 रुपये के शपथपत्र पर हस्ताक्षर बनाकर पीड़ित को दिया कि नौकरी नहीं मिले तो इसके आधार पर कार्रवाई करा देना। रकम देने के बाद भी नौकरी नहीं लगी। इसके बाद उसे धमकी दी जाने लगी। इस पर शिवकुमार ने सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया।

# फूलपुर सीट पर कांग्रेसी जिलाध्यक्ष ने नामांकन कराने के बाद दिखाई ताकत, बढ़ा विवाद



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फूलपुर विधानसभा सीट पर सपा की मुश्किल बढ़ रही हैं। सपा-कांग्रेस ने तो गठबंधन का ऐलान कर सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को खड़ा करने का रास्ता साफ कर दिया।मगर प्रयागराज में कांग्रेस के गंगापार जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र यादव ने बागी तेवर अपनाते हुए पहले तो निर्दल उम्मीदवार के रूप में खामोशी से नामांकन कर दिया। गुरुवार को नामांकन के बाद शुक्रवार को कांग्रेसी नेता सुरेश यादव ने अपनी ताकत दिखाने की कोशिश की। देर शाम को कांग्रेस पार्टी ने सुरेश चंद्र यादव को पार्टी से निष्कासित कर दिया है।गंगापार जिलाध्यक्ष ने लक्ष्मी टाकीज चौराहे से गाजे-बाजे के साथ कचहरी तक जुलूस निकाला। जुलूस भी निर्दल प्रत्याशी के रूप में नहीं बल्कि यह दिखाने की कोशिश किया कि कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। भीड़ के हाथों में राहुल, प्रियंका गांधी के पोस्टर, बैनर नजर आए। फूल माला पहने सुरेश यादव कचहरी तक पैदल जुलूस लेकर पहुंचे। उन्होंने नामांकन की प्रक्रिया पूरी की। सुरेश यादव का कहना है कि वह फूलपुर की माटी के लाल हैं और कमाल कर दिखाएंगे। जुलूस में शामिल लोगों ने जमकर नारेबाजी की। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए। हालांकि उनके जुलूस में कांग्रेस नेता शामिल नहीं हुए। अब यह मामला प्रदेश के नेताओं तक पहुंच रहा है।

## नहीं खुला आईफोन का लॉक, दिल्ली का एप्पल सर्विस सेंटर खोलेगा डॉ. कार्तिकेय की मौत का राज

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के जूनियर रेजिडेंट कार्तिकेय श्रीवास्तव (27) की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। कार्तिकेय का आईफोन-13 का लॉक पुलिस खोल नहीं सकी है। सूत्रों के अनुसार अब इस फोन को दिल्ली स्थित एप्पल कंपनी के सर्विस सेंटर भेजा जाएगा। पुलिस को शक है कि कार्तिकेय की चैट हिस्ट्री में कई अहम सुराग हैं। ऐसे में अगर मोबाइल का लॉक खुल जाता है तो कई अहम सुराग मिल जाएंगे। 28 सितंबर को डॉ.कार्तिकेय का शव मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल से मोबाइल को कब्जे में ले लिया था। साक्ष्य जुटाने के लिए पुलिस ने मोबाइल को खोला तो पता कि इसमें सिक्योरिटी लॉक लगा हुआ है।पुलिस ने लोकल स्तर से इसको खुलवाने की कड़ी मशक्कत की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। सूत्र बताते हैं कि मोबाइल को दिल्ली के एप्पल कंपनी स्टोर पर भेजने का प्रोसेस चल रहा है। जहां कागजी प्रक्रिया पूरी होने बाद कंपनी से चैट का डाटा रिकवर करवाया जाएगा। पुलिस अफसरों का कहना है कि इसमें कई अहम सुराग मिलने की संभावना है।

# बीजेपी कैंडिडेट दीपक पटेल ने किया नामांकन

● केशव प्रसाद ने कहा- अखिलेश यादव का सत्ताइस में सत्ताधीश होने का ख्वाब टूटेगा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज की फूलपुर सीट पर बीजेपी के प्रत्याशी दीपक पटेल ने नामांकन किया। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में उन्होंने नामांकन दाखिल किया। कलेक्ट्रेट तक पहले बीजेपी का काफिला जुलूस की शक्ल में गया। इसमें मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राकेश सचान, दयाशंकर मिश्र दयालु समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।इस मौके पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा - फूलपुर में प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलेगा और अखिलेश यादव का सत्ताइस में सत्ताधीश का ख्वाब टूटेगा।

**केशव ने कहा - 22 में जो बाइसिकल नहीं चला सके, वो 27 में क्या करेंगे :**

उन्होंने कहा - जो 22 में बाइसिकल नहीं चला पाए वो 27 में सत्ताधीश का ख्वाब देख रहे हैं। हरियाणा के नतीजों से सपा और कांग्रेस में खलबली मची है। नामांकन विजय जुलूस के काफिले का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हाथ में कमल का पुष्प लेकर और भाजपा का झंडा लहराकर किया।इस अवसर पर उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह के आवास पर कार्यकताओं को विजय का संदेश देते हुए कहा कि हरियाणा विधानसभा का चुनाव का परिणाम से एक तरफ भाजपा कार्यकताओं के अंदर उत्साह ऊर्जा और बढ़ा हुआ है और दूसरी तरफ सपा और कांग्रेस में खलबली मची हुई है। कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ मिलकर फूलपुर में कमल खिलाएं और 2027 के लिए प्रचंड बहुमत के साथ विजय का आगाज करें और कहा कि जो लोग 22 में बाइसिकल नहीं चला पाए वो लोग 27 में सत्ताधीस होने का ख्वाब देख रहे हैं और कहा कि हमें विश्वास है फूलपुर की जनता की आशीर्वाद से प्रचंड बहुमत के साथ फूलपुर में कमल खिलेगा अखिलेश यादव का 27 में सत्ताधीश होने का ख्वाब भी टूटेगा और कहा कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन टूट चुका है।

## न्यूज झरोखा

### जन सेवा समिति रामलीला में भरत मिलाप एवं राम राज्याभिषेक हुआ



**नैनी।** नैनी गांव में चल रही जन सेवा समिति रामलीला में भरत मिलाप एवं राम राज्याभिषेक की लीला का अत्यंत मनोहारी मंचन हुआ। रहा एक दिन अवधि अधारा। वनवास की अवधि पूर्ण होने में मात्र एक दिन शेष है, राम नहीं आए हैं, भरत व्याकुल हैं। वह निश्चय करते हैं कि यदि अवधि शेष रहते राम नहीं आते हैं तो वह अपने प्राण त्याग देंगे। तभी हनुमान पहुंच जाते हैं और भरत को राम के शीघ्र ही सकुशल अयोध्या आगमन की सूचना देते हैं। भरत हनुमान को गले लगा लेते हैं और कहते हैं कि मैं आपका यह उपकार कभी नहीं भूलूंगा। राम भरत के प्रेम पूर्ण मिलन को देखकर दर्शकों के नेत्र सजल हो जाते हैं। भरत तत्काल गुरु वशिष्ठ से मिलते हैं और उनसे शीघ्रातिशीघ्र राम का राज्याभिषेक करने का निवेदन करते हैं। राम राज सिंहासन पर विराजते हैं। सर्वप्रथम गुरु वशिष्ठ राम का राज तिलक करते हैं फिर अन्य विप्र वर तिलक करते हैं। तत्पश्चात रामलीला समिति के सभी पदाधिकारी भगवान राम का राज तिलक करते हैं। चारों ओर राजा रामचंद्र की जय के जयकारे गूंजने लगते हैं। व्यास जी गाते हैं, राजा बने हैं रघुरइया अवधपुर बाजे बधइया। तबला भी बाजे, सारंगी भी बाजे और बजे सहनइया। अवधपुर बाजे बधइया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनय सिंह, आर एल दी दुबे, रवि सिंह, हरि शंकर सिंह, मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला, दिनेश सिंह, शशि सिंह, विशाल श्रीवास्तव, आशु जायसवाल, अजीत जायसवाल, सर्वेश सिंह, अजय सिंह, अनिल चौधरी, सनी केसरवानी, हरि बाबू सिंह, शिवदानी सिंह, दयाशंकर तिवारी, पिंटू, अनिल शर्मा, लाला केसरवानी, विमल गुप्ता, श्याम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### 4 देशी बम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार


**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को 04 अवैध देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। 24 अक्टूबर को अभियुक्त शिव प्रसाद कुशवाहा उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्व0 दूबरी कुशवाहा निवासी पन्तरवा थाना पूरामुफ्ती को मुखबिर की सूचना पर टिकुरी गाँव की तरफ जाने वाली सड़क से पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से 04 अवैध देशी बम बरामद किया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

### सी एच सी में तैनात नर्स पर प्रसव पीड़िताओं से रिश्वत की मांग का आरोप

**मऊआइमा।** मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर वर्षों से तैनात नर्स पर प्रसव पीड़िताओं से धनादोहन का आरोप लगाया गया है तथा इसकी लिखित शिकायत सीएम से की गयी है। मऊआइमा क्षेत्र के प्रमोद कुमार, शमीम,आशा, ताजुद्दीन, मोईनुद्दीन,काजल, पप्पू, दुर्गावती,उमा देवी,शोभा देवी,सोनी देवी वार्ड सदस्य आदि ने सीएचसी में तैनात नर्स पर प्रसव पीड़िताओं से दो से पांच हजार रूपया रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत मुख्यमंत्री से की है।तथा यह भी आरोप है कि स्थांतरण होने के बाद भी फिर इसी अस्पताल में तैनाती करा ली है।

# नैनी में महाविद्यालय में स्व. कमला बहुगुणा जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी में प्रख्यात नेत्री स्व कमला बहुगुणा जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था क्या भारत में महिलाओं को आरक्षण देने से वास्तविक समानता हासिल की जा सकती है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारी प्रो रीता बहुगुणा जोशी पूर्व सांसद प्रयागराज ने स्वतंत्रता के दौर से लेकर वर्तमान समय में महिलाओं के संघर्षों और समर्पण को वर्णित करते हुए कहा कि समाज की सोच बदलने से ही महिलाओं को हम समानता का अधिकार प्राप्त होगा और इसके लिए शिक्षा एक मात्र साधन है। आपने प्रख्यात नेत्री स्व कमला बहुगुणा के संघर्षों की चर्चा करते हुए सब छात्राओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर संघर्षों से मुकाबला कर सदा आगे बढ़ते रहने का आव्हान किया।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश जैन ने महिलाओं की प्रबल संकल्प शक्ति की चर्चा करते हुए कहा की महिलायें किसी भी क्षेत्र में पुरुष से कमतर नहीं है आवश्यकता है तो अपने अंदर की शक्ति को पहचानने की कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ मणि शंकर द्विवेदी ने स्व कमला बहुगुणा के जीवन पर चर्चा करते हुए महिलाओं के लिए उनके द्वारा किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। प्रेरक वक्ता के रूप में डॉक्टर वैशाली जैन ने समस्याओं में अपने अंतर्निहित शक्ति को पहचान कर कैसे मुश्किल दौर से मुक्त हो सकते है विषय पर प्रेरक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की समन्वयक प्रोफेसर नीतू सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वर्गीय श्री हेमवती नंदन बहुगुणा और स्वर्गीय श्रीमती कमला बहुगुणा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और महिलाओं व छात्राओं को प्रत्येक तरीके से सशक्त और सक्षम बनने की सलाह दी तथा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी होने का आह्वान किया। इस वाद विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में प्रोफेसर ओम प्रकाश प्रोफेसर सविता कुमारी श्रीवास्तव और डॉ दीपक रहे। इस वाद विवाद प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शिल्पी सिंह बी एस सी पंचम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर आकांक्षा बी ए पंचम सेमेस्टर और तृतीय स्थान पर ऋतिक बीए फर्स्ट सेमेस्टर रहे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर नीतू सिंह तथा डॉ अर्चना राय ने किया। कार्यक्रम में पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## ऑनलाइन गेम खेलने से रोकने पर बेटे ने किया सुसाइड,छत की ग्रिल से लटकी मिली लाश



**प्रयागराज।** मोबाइल पर पबजी गेम खेलने से रोकने पर बेटे ने सुसाइड कर कर लिया। घटना करेलाबाग की है। वहीं सूचना पर मोहल्ले वाले भी पहुंच गए। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने मोहल्ले वालों और परिवार से बात की। पता चला कि बेटा फोन न मिलने से नाराज था।

**बर्तन की दुकान में करता था काम :** करेलबाग में रहन वाला तेजा चौक के ठठेरी बाजार में एक बर्तन की दुकान में काम करता था। पिता रामभूषण बीमारी के कारण घर पर ही रहते थे। सूत्रों की माने तो कुछ माह पूर्व ही तेजा और उसकी मां ने किसी तरह पैसा जुटा कर नया मोबाइल खरीदा था।बड़े भाई जीतू ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले समीर ने तेजा को फोन करके पबजी पर आने के लिए कहा। जैसे ही वह पबजी पर जुड़ा उसी बीच मां ने किसी को फोन करने के लिए उसका मोबाइल मांग लिया। गेम के कारण उसने मोबाइल मां को नही दिया और झगड़ा करने लगा।विवाद बढ़ने पर उसने मोबाइल को पटक दिया। उसके बाद अपने कमरे में चला गया, काफी देर तक जब नीचे नहीं आया तो घर के लोग ऊपर गए। देखा तो तेजा फंदे पर छत से लटका हुआ था। आनन-फानन में उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




## आरटीआई प्रार्थनापत्रों एवं प्रथम अपीलों के समयबद्ध निस्तारण के सम्बंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में शुक्रवार को प्रशासनिक सुधार विभाग उत्तर प्रदेश शासन डॉ. राहुल सिंह स्टेट रिसोर्स पर्सन आरटीआई, विपिन यादव शोध अधिकारी वी.के. गंगवार मुख्य निरीक्षक राजकीय कार्यालय उत्तर प्रदेश, पंकज सक्सेना उप मुख्य निरीक्षक राजकीय कार्यालय उ.प्र., प्रयागराज द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम 2005 तथा उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी अधिनियम 2011 के मुख्य प्राविधानों के संबंध में प्रयागराज मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में आरटीआई प्रार्थनापत्रों एवं प्रथम अपीलों के समयबद्ध निस्तारण, जन सूचना अधिकारियों पर अधिरोपित अर्थदंड की वसूली, आरटीआई ऑनलाइन पोर्टल पर प्रार्थनापत्रों के निस्तारण के बारे में सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी अधिनियम 2011 के अंतर्गत विभिन्न विभागों की अधिसूचित 421 सेवाओं के समयबद्ध निस्तारण किए जाने के सम्बन्ध में विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता रत्नप्रिया, अपर आयुक्त, प्रयागराज मंडल, प्रयागराज द्वारा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अजय अरोरा निरीक्षक राजकीय कार्यालय, प्रयागराज मंडल, प्रयागराज सहित मंडलीय अधिकारीगण, उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

# नशीली दवाओं की लत और मादक द्रव्यों के सेवन को रोकने हेतु कार्यक्रम आयोजित



**प्रयागराज।** नशीली दवाओं की लत और मादक द्रव्यों के सेवन को रोकने हेतु शिक्षा एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत के पी ट्रेनिंग कॉलेज में युवाओं के बीच एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का निर्देशन जिला युवा धिकारी जागृति पांडेय ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्या अंजना श्रीवास्तव ने युवाओं को बताया कि देश एक गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है - नशीली दवाओं की लत का बढ़ता प्रचलन और अपने युवाओं के बीच मादक द्रव्यों का सेवन न स्वयं करें और न ही अपने पड़ोस में इसे बर्दाश्त करें। पुलिस विभाग से ट्रैफिक इंस्पेक्टर पवन पांडे ने बताया कि कैसे नशे के कारण सड़कों पर दुर्घटनाएं बढ़ती जा रहीं हैं और नशे की यह लत ना सिर्फ युवाओं के शारीरिक स्वास्थ्य पर असर डालती है बल्कि मानसिक स्थिति और उनके भविष्य के अवसरों को भी खतरे में डालता है। कई बार सहकर्मी दबाव, शैक्षणिक तनाव और तीव्र परिवर्तन इत्यादि युवाओं में इस लत को ले आने में कारक का कार्य करते हैं। इससे निपटने के लिए सामुदायिक रूप से आगे आने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर निर्मल कांत पाण्डेय तथा स्मिता कुशवाहा के साथ मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की काउंसलर गीता कौशल, आजमगढ़ के युवा स्वयं सेवक दीपक प्रजापति ने विभिन्न नशामुक्ति संबंधी विषयों पर जागरूक किया।मास्टर ट्रेनर निर्मल कांत ने नशे की लत लगने के मुख्य कारणों पर बेहतरीन ढंग से फोकस किया और युवाओं को इसे जड़ से खत्म करने का आवाहन किया।बहरिया ब्लॉक से युवा ट्रेनर स्मिता ने इस समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण को समझाया। चाका ब्लॉक से स्वयं सेवक यंग लीडर गुड़िया सिंह ने नशे के कारण देश में नशाखोरी के कारण जनित दुष्प्रभावों को बताते हुए इससे बचने की अपील की। नशामुक्ति पर आधारित प्रश्नोत्तरी के 4 विजेताओं को पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संचालक की भूमिका में कॉलेज की प्रोफेसर शक्ति ने किया।

## आवश्यक सूचना

खजुरी खुर्द मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड की बैठक 28 अक्तूबर 2024 को समिति पर आहूत की गई है। अध्यक्ष के अनुसार उक्त तिथि को समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति समिति कार्यालय पर अनिवार्य और प्रार्थनीय है। **अध्यक्ष**

# जिले में शुरु होगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रमः डीएम

## डीएम ने संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ की बैठक



राजनैतिक दलों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेट्रट सभागार में एक जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराये जाने के निर्देश दिये गये है जिसमें मतदाता सूची को अद्यावधिक किया जायेगा। अर्ह व्यक्ति का नाम शामिल किया जायेगा, अनर्ह व्यक्ति का हटाया जायेगा व मतदाता के नाम व प्रविष्टियों की त्रुटियों को शुद्ध किया जायेगा।

उन्होने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को बताया कि निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया जायेगा, दावे/आपत्तियॉ 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक प्राप्त की जायेंगी, पुनरीक्षण अवधि में दावे/आपत्तियों को प्राप्त किये जाने हेतु विशेष अभियान 09 नवम्बर, 10 नवम्बर, 23 नवम्बर व 24 नवम्बर को चलाया जायेगा। दावे/आपत्तियों की जांच/निस्तारण 24 दिसम्बर 2024 तक किया जायेगा। उन्होने बताया कि दावे/आपत्तियों हेतु आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जायेगा। उन्होने बताया कि ऐसे व्यक्ति जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हो या पूर्ण कर लिये हो वह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों पर नियुक्त पदाभिहित अधिकारियों या बूथ लेबिल आफिसर के साथ या सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय (तहसील कार्यालय) में प्रारूप-6 जमा कर सकते है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, कांग्रेस पार्टी के नीरज त्रिपाठी, सपा से अब्दुल कादिर, मो0 वासिक खान व गौरव यादव, बसपा से अश्वनी, अपना दल (एस) से ज्ञानेन्द्र वर्मा, आम आदमी पार्टी से भास्कर तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



जनसुनवाई करते लोकपाल मनरेगा समाज शेखर।

## लोकपाल की जनसुनवाई में रामपुर संग्रामगढ़ व लक्ष्मणपुर ब्लाक से आई शिकायतें

### लोकपाल ने आवश्यक कार्यवाही का दिया निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोकपाल मनरेगा की जन सुनवाई व संवाद कार्यक्रम में रामपुर संग्रामगढ़ व लक्ष्मणपुर विकास खंड से आई शिकायते आई। लोकपाल ने शिकायतों को सुना और कार्यवाही व जांच हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही व जांच के निर्देश दिया।

लोकपाल मनरेगा समाज शेखर की जनसुनवाई में रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत गजई के निवासी अशोक कुमार तिवारी ने ग्राम में मनरेगा योजना में मास्टर रोल पर फर्जी लोगो की हाजिरी लगाए जाने की शिकायत की। उन्होंने कहा है कि आठ मजदूरों द्वारा मौके पर कार्य हो रहा है जबकि हाजिरी 30 मजदूरों की भरी जाती है। उन्होंने ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना मे मजदूरों के सत्यापन की मांग की। लोकपाल समाज शेखर ने सभी पहलुओ पर विचारोपरांत सम्बन्धित ग्राम के ग्राम प्रधान, सचिव, रोजगार सेवक और मेट को पांच नवम्बर को पत्रावली के साथ लोकपाल के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश बीडीओ के माध्यम से प्रेषित करने का निर्णय लिया।

## डीएम ने लापरवाही पर ग्राम पंचायत अधिकारी को किया निलंबित

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कार्य में लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने ग्राम पंचायत अधिकारी को निलंबित कर विकास भवन से संबंधित कर दिया है। विकास खंड आसपुर देवसरा के ग्राम पंचायत अधिकारी विकास कुमार उमरवैश्य पर घोर लापरवाही का आरोप है। डीएम ने पत्र जारी करके बताया है कि ग्राम पंचायत ढाढर में 15वें वित्त आयोग का 6 लाख 19 हजार 466, ग्राम पंचायत कोपा में 15 में वित्त आयोग का 386720, भीखमपुर में 353432, डेढूआ में 353345 अवशेष धनराज उपलब्ध होने के बाद भी खर्च नहीं किया गया है। इसके अलावा बैजलपुर में केंद्रीय वित्त आयोग की धनराशि व्यय ना करना, कूड़ा घर का निर्माण, तीन हैंडपंप का रिपोर्ट, हैंडपंप की मरम्मत, 300 मी खड़ंजा के निर्माण कार्य का पूरा होने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया है। इन सारी लापरवाही के चलते डीएम ने ग्राम पंचायत अधिकारी विकास कुमार उमरवैश्य को निलंबित करते हुए विकास भवन से जोड़ दिया है। पत्र में उन्होंने यह भी लिखा है कि जब तक आरोपी की बहाली नहीं होती तब तक उन्हें जीवन निर्वाह के लिए प्राप्त वेतन का आधा वेतन प्राप्त होता रहेगा।

## श्रीमद भागवत कथा सुनने से मन होता है शुद्धः स्वामी आनंदा आश्रम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के परियावा नान्हू का पुरवा गांव में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। श्रीमद भागवत कथा के मुख्य यजमान रामकेश पांडेय व उनकी धर्म पत्नी ज्ञान देवी है। श्रीमद भागवत कथा वाचक सदगुरु देव-अनन्त विभूषित स्वामी आनंदा आश्रम महराज के मुखार बिन्दु से प्रवचन किया जा रहा है।

कथा वाचक स्वामी आन्दाश्रम महराज ने कहा कि श्रीमद भागवत भगवान की है आरती, पापियों को पाप से है तारतीष्के साथ प्रारंभ करते हुए कहा कि कथा सुनने से मन शुद्ध होने के साथ मोक्ष की प्राप्ति होती हैऔर भक्ति से शक्ति मिलती है। श्रीमद भागवत कथा सभी वेदों का सार है इसे सुनने से मनुष्य तृप्त होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहयोग करने वाले शिवकेश प्रसाद पाण्डेय पूर्व प्रवक्ता, बालकेश पाण्डेय पूर्व ग्राम प्रधान, नीरज कुमार पाण्डेय, अवधेश पांडेय, पंकज पांडेय, लालजी पाण्डेय, मदन पांडेय, विमलेश पांडेय उर्फ पालू, रिशु, शीबू, प्रभात, अभिनव, आदर्श उत्कर्ष व उमाकांत पाण्डेय सहित इष्ट मित्र गण रहे।

## संकट मोचन धाम पर धूम धाम से मनेगा हनुमान जन्मोंसव महायज्ञ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के कुण्डा तहसील क्षेंत्र के थाना हथिगवां अन्तर्गत ग्राम मिश्रदयालपुर हनुमान नगर गांव स्थित तपोंभूमि सिद्ध संकट मोंचन धाम प्राचीन हनुमान मन्दिर पर विश्व कल्याणार्थ अमन-चैन सुख शान्ति मंगलमय सबकी रक्षा के लिए पचास वर्ष पूर्व से निरन्तर हनुमान जी धाम के पुजारी तपस्वी महात्मा बालयोगी जी महराज जी के नेतृत्व पर निरूस्वार्थ भाव से चल रहा है। बता दें कि हनुमान मन्दिर पर विश्व कल्याणार्थ सबकी रक्षा के लिए बिगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी संकटहारी श्री हनुमान जन्मोंत्सव महायज्ञ कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी दीपावली के दो दिन पहले से संकट मोंचन धाम हनुमान नगर मिश्रदयाल पुर प्राचीन हनुमान मन्दिर पर अंखड महामंत्र जाप उत्सव शुरू होगा और 29 अक्टूबर मंगलवार को प्रातःकाल से वैदिक मंत्रोंच्चारण के उपरान्त जाप अंखड 24 घण्टा सामूहिक सीताराम हरि कीर्तन होगा और 30 अक्टूबर बुधवार को दस बजे दिन में हनुमान जी महाराज के दिब्य दरबार में दुखियों की अरजी लगेगी।

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में ली परेड की सलामी

### अनुशासन व एकरुपता के लिये कराया गया ड्रिल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा पुलिस लाइन परिसर में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात परेड का निरीक्षण कर अनुशासन व एकरूपता हेतु टोलीवार ड्रिल कराया गया। इसी क्रम मे एम0टी0 शाखा व यूपी-112 की पीआरवी गाड़ियों का निरीक्षण कर रख-रखाव देखा गया।

साथ ही फील्ड यूनिट टीम द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों को आपराधिक घटनाओं में साक्ष्य संकलन, क्राइम सीन को सुरक्षित करने एवं अग्निशामक उपकरणों के प्रयोग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक(पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक(पश्चिमी) संजय राय व व क्षेत्राधिकारी रानीगंज, क्षेत्राधिकारी लालगंज, क्षेत्राधिकारी नगर के साथ व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा एएसपी पूर्वी व पश्चिमी, क्षेत्राधिकारी रानीगंज, क्षेत्राधिकारी लालगंज, क्षेत्राधिकारी नगर के साथ आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया व दंगा नियंत्रण उपकरणों जैसे टियर गैस गन, एंटी राइट गन, चिली बम आदि के प्रयोग करने का भी प्रशिक्षण/अभ्यास कराया गया।



परेड की सलामी लेते एसपी डॉ अनिल कुमार।

## हमारी सुरक्षा किसके हाथ का पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर रहे एसएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर डिप्टी एसएस और ट्रेन मैनेजर के बीच हुए खूनी संघर्ष के बाद एक्शन में आए स्टेशन मास्टरों ने विरोध जताना शुरू कर दिया है। ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के बैनर तले शुक्रवार को मां बेला देवी प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टरों ने काली पट्टी बांधकर और हाथों में पोस्टर जिस पर लिखा है रेलवे की सुरक्षा मेरे हाथ हमारी सुरक्षा किसके हाथ? लेकर विरोध जताते हुए कार्य किया। उनका कहना था की घटना की न्यायिक जांच कराई जाए और हमला करने वाले ट्रेन मैनेजर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए अन्यथा की स्थिति में संगठन अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। इसकी सारी जिम्मेदारी रेल प्रशासन की होगी।बता दें कि अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर किसी बात को लेकर ट्रेन मैनेजर (गार्ड) और उप स्टेशन अधीक्षक के बीच विवाद हो गया था। जिसने इतना तूल पकड़ लिया कि आवेश में आकर ट्रेन मैनेजर ने रॉड से डिप्टी पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में जीआरपी से लेकर अधिकारी तक सभी लोग चुप्पी साधे हुए हैं। घटना आग की तरह पूरे लखनऊ मंडल में फैल गई। स्टेशन मास्टरों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर भी बांह में काली पट्टी बांधकर कर्मियों ने कार्य किया। इस बारे में आल इण्डिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन लखनऊ के मंडल मंत्री एसके यादव ने बताया कि अयोध्या कैंट में हुई घटना में ट्रेन मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत शुक्रवार को हुई है। उन्होंने बताया कि न्याय न मिलने तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

## टेबल टेनिस प्रतियोगिता में लक्ष्मी व देवेश रहे अव्वल

### राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालया सांगीपुर में हुई प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सांगीपुर में आयोजित अंतर्महाविद्यालयीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सांगीपुर की लक्ष्मी तथा बालक वर्ग में प्रयागराज के देवेश अव्वल रहे। इस प्रतियोगिता में केपी.उच्च शिक्षा संस्थान, प्रयागराज, बेनीमाधव सिंह महाविद्यालय, प्रयागराज, साकेत गर्ल्स पीजी कालेज, एसवीएम महाविद्यालय लालगंज, पीबीपीजी कालेज, हरिश्चंद्र मिश्र नगरहा विधि महाविद्यालय आसपुर हंडिया, प्रयागराज एवं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सांगीपुर आदि महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. चंद्र प्रकाश ने किया। बालिका वर्ग में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सांगीपुर की लक्ष्मी कनौजिया प्रथम, चांदनी बानो द्वितीय तथा तीसरे स्थान पीबीपीजी की छात्रा सलोनी शुक्ला रही। बालक वर्ग के फाइनल में केपीउच्च शिक्षा संस्थान प्रयागराज के देवेश उपाध्याय ने बेनी माधव सिंह महाविद्यालय के अभिनव सिंह को पराजित कर प्रथम स्थान, अभिनव सिंह ने द्वितीय एवं केपी उच्च शिक्षा संस्थान, प्रयागराज के राज कनौजिया को तृतीय स्थान मिला। आयोजन महाविद्यालय की शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रभारी सीमा देवी एवं विश्वविद्यालयों से नियुक्त पर्यवेक्षक डा. अंशुमान सिंह की देखरख में हुआ। मुख्य अतिथि पीबीपीजी कालेज के प्रो. उपेंद्र सिंह, प्रो. डा.राकेश कुमार शुक्ल ने ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। डा. विष्णु प्रताप सिंह,डा. मेवालाल यादव, डा.देवेंद्र प्रताप सिंह, अजय कुमार सिंह आदि रहे।



प्रमाण पत्र व शील्ड के साथ प्रतिभागीगण।

## कांग्रेस के तीन नेताओं का निलम्बन हुआ रद्द

### कार्यालय पर नेताओं का किया गया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी द्वारा आज पार्टी से निलंबित तीन नेताओं क्रमशः अब्दुल रहमान, चंद्रनाथ शुक्ल व श्याम शंकर तिवारी के निलंबन को रद्द करते हुए पार्टी में पुनः वापस ले लिया गया है।

बता दें कि नगर पालिका व नगर पंचायत के चुनाव के दौरान पार्टी के खिलाफ निर्दल चुनाव लड़ने को लेकर इन नेताओं को पार्टी से छह वर्षों के लिए निलंबित किया गया था। जिला अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सांसद व राज्यसभा के उपनेता प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा की अनुमति व सहमति से सभी उपरोक्त की सदस्यता बहाल करते हुए पार्टी में वापस ले लिया गया है। उन्होंने इस अवसर पर तीनों नेताओं को माला पहनाकर व लड्डू खिलाकर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर स्वागत किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उपरोक्त सभी नेतागण पार्टी को मजबूत करने हेतु कार्य करेंगे। उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने इस अवसर पर खुशी का इजहार किया है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विजय शंकर तिवारी,कृपा शंकर पांडेय, शिव नंदन उपाध्याय, राममिलन आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।




कांग्रेस नेताओं का स्वागत करते पदाधिकारीगण।

## विधवा महिला को पीटा, दी तहरीर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली के चरैया गांव निवासी अनारा देवी पत्नी स्व0 लालाराम ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपित किया है कि वह सुबह आठ बजे के करीब अपने घर पर कुछ काम कर रही थी। इतने में पडोस के कुछ लोग आ धमके और उसके गाली गलौज करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसकी पिटाई शुरु कर दी साथ ही उसके खेत में बोई गई अरहर की फसल भी काट ले गए। हल्ला गुहार पर जब आसपास के लोग पहुंचे तब उसकी जान बच सकी। महिला ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## कथा स्थल से 11 महिलाओं की चैन कटी

### मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** इलाके के रामपुर खागल में चल रही जगतगुरु रामभद्राचार्य श्रीमद् भागवत कथा में गुरुवार को उनके शिष्य बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर वीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आए हुए थे। इस दौरान लाखों की भीड़ पहुंची । एक तरफ लोग धीरेंद्र शास्त्री की एक झलक के लिए बेताब दिखे।

वहीं कथा स्थल पर चोरों का भी आतंक साफ दिखा। सुनयना सिंह, निवासी बीबीपुर थाना पट्टी, मनीषा गुप्ता, पत्नी सुरेश निवासी सुवंसा थाना फतनपुर, विनीता मिश्रा, असुढ़ी रेनू मिश्रा, बलीपुर नगर कोतवाली, रामा देवी यादव, कोहरांव कोतवाली समेत पांच महिलाओं के गले में पहनी हुई सोने की चेन कट गई। जिसकी जानकारी होने पर गुरुवार की शाम साढे .छह बजे थाने पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र देखकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। घटनास्थल से दो चोरनी महिलाओं को पट्टी पुलिस गिरफ्तार करके लाई है पूछताछ कर रही है।

## जिला मजिस्ट्रेट ने तीन गुण्डों को किया जिला बदर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है ऐसे तीन व्यक्तियों को जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से छह माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होने थाना जेठवारा ग्राम सण्डवा खास के अजय सिंह उर्फ अंकुर सिंह सुत कल्लू सिंह तथा भूपेन्द्र सिंह उर्फ लोहा सिंह सुत कल्लू सिंह एवं थाना पट्टी ग्राम सराय मधई के सिराज सुत बफाती को जनपद की सीमा से छह माह के लिये निष्कासित कर दिया है।

## शरारती तत्वों ने दुकान में लगाई आग

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कोतवाली कुंडा के बाबूगंज बाजार में गुरुवार की बीती रात रंजना केसरवानी की कॉस्मेटिक की दुकान में अज्ञात शरारती तत्वों ने दुकान में केरोसिन डालकर आग लगाने का प्रयास किया हालांकि दुकान के अंदर रखी लकड़ी के बने काउंटर में आग पकड़ ली थी, जिसकी लोगो को आग जलने की बदबू मिलते ही दुकान मालिक को जानकारी दी मौके पर पहुंचे दुकान मालिक ने जब दुकान खोला तो आग फर्नीचर पर लगते देख हक्का बक्का हो गए किसी तरह आग को बुझाया जिससे नुकसान होने से बच गया। पीड़ित दुकानदार ने 112 पीआरबी को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने कोतवाली जाने की बात कही पीड़ित का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

## डम्फर की टक्कर से वृद्ध की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** डंफर की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गयी। मौत की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। उदयपुर थाना के कोइलासा मंगापुर निवासी शारदा प्रसाद यादव 70 शुक्रवार की दोपहर लगभग एक बजे घर से साइकिल द्वारा मंगापुर बाजार दवा लेने निकला था। मंगापुर चौराहे पर सामने से तेज गति से आ रहे डंफर ने साइकिल सवार को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में वृद्ध चुटहिल होकर गिर गया। सूचना मिलने पर परिजन घायल को सांगीपुर सीएचसी ले गये। सीएचसी में चिकित्सकों ने शारदा प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। वहीं चौराहे पर हुई दुर्घटना को लेकर बाजार के लोग जमा हो गये। लोगों ने डंफर के चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक अपने पीछे पुत्र बृजभान व राजेन्द्र को निराश्रित छोड गया है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर शाम पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। शारदा प्रसाद की मौत को लेकर परिजन रोते बिलखते दिखे।

## जीवन का उददेश्य परमेश्वर की प्राप्ति के लिए कर्म की सुचिता-स्वामी निश्चलानंद महराज

### पुरी पीठाधीश्वर जगदगुरू श्री शंकराचार्य ने स्वामी करपात्री आयुष भवन का किया लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरी पीठाधीश्वर जगदगुरू श्री शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महराज ने युवा पीढ़ी से कहा कि जीविका जीने के लिए होनी चाहिए। उन्होने कहा कि जीवन जीविका के लिए नहीं होना चाहिए। जगदगुरू जी ने युवाओं का सनातन संस्कृति को लेकर उदबोधक मार्गदर्शक की भूमिका में बताया कि जीवन परमात्मा की प्राप्ति के लिए समर्पित होना चाहिए।

नगर के सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी महाविद्यालय में लालगंज प्रवास के तीसरे दिन शुक्रवार को पुरी पीठाधीश्वर के छात्र छात्राओं से संवाद में धर्म के मर्म को समझने को लेकर सार्थक मंथन हुआ दिखा। श्री शंकराचार्य जी ने कहा कि ईश्वर जड़ता, मूर्खता से मुक्ति का मार्ग भी दिखलाया करता है। महाविद्यालय में वैदिक संवाद कार्यक्रम में पधारे जगदगुरू निश्चलानंद सरस्वती जी महराज ने धर्मसम्राट स्वामी करपात्री आयुष भवन का भी वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य लोकार्पण किया।

महाविद्यालय के प्रबन्धक एवं पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकान्त ओझा ने जगदगुरू स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महराज का वंदन अभिनंदन किया। संयोजक डॉ. शिवशंकर तिवारी ने संवाद कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. अमित सिंह के साथ महाविद्यालय के प्रवेश द्वार से लेकर सभागार तक छात्र छात्राओं व शिक्षकों द्वारा जगदगुरू पर पुष्पवर्षा आनन्दमय वातावरण में दिखा। पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा की पत्नी डॉ. माधुरी ओझा, उप प्रबन्धक इं. पूर्णांशु ओझा, सत्यांशु ओझा, देवांशु ओझा ने पादुका पूजन किया। निदेशक डॉ. संदीप मिश्र, डॉ. अंबिकेश त्रिपाठी, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. आशुतोष शुक्ल ने पुरी पीठाधीश्वर के साथ पधारे गोर्वधनमठ के सन्तों का तिलक अभिषेक किया।



स्वामी करपात्री आयुष भवन का लोकार्पण करते श्री शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद महराज

# धनतेरस एवं दीपावली को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों एवं नागरिकों के साथ डीएम ने की बैठक

**जिलाधिकारी ने विद्युत, साफ-सफाई, यातायात सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के दिए निर्देश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा उदयन सभागार में आगामी पर्व-धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, देव दीपावली एवं कार्तिक पूर्णिमा आदि को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शान्तिपूर्ण एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों व सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ बैठक की गई।बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से आगामी पर्व/त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अब तक की गयी कार्यवाही की समीक्षा की तथा पीस कमेटी की बैठक एवं पटाखा बिक्री स्थल का चिन्हाकन व निरीक्षण आदि की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने सम्भ्रान्त नागरिकों की समस्याओं/ सुझाओं को प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्यौहार को आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाया जाय। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पटाखों की बिक्री के लिए अनुमति अवश्य लिया जाय तथा कहीं पर भी अवैध रूप से पटाखा बनाने/बिक्री न होने पायें। त्यौहार पर विशेष सतर्कता बरती जाय, कोई भी अप्रिय घटना न होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को चिन्हित पटाखा बिक्री स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा के सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि पटाखा बिक्री स्थल पर कपड़ा का प्रयोग न होने पाये तथा आग बुझाने की सामग्री उपलब्ध रहें। उन्होंने सभी ई0ओ0 एवं डी0पी0आर0ओ0 को साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था के साथ ही फागिंग एवं एण्टीलार्वा का छिड़काव रोस्टरवाइज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी ई0ओ0 को पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं छठ पूजा के दृष्टिगत घाटों की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये। उन्होने अधिशासी अभियंता विद्युत को शासन के निर्देशानुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने एवं जेई की ड्यूटी लगाकर तथा सीएमओ को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रवार चिकित्सकों की ड्यूटी लगाकर सूची सम्बन्धित थानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जुआं, सट्टा खेलने वालों पर विशेष सतर्कता एवं निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निरंतर भ्रमणशील रहकर चॉक-चौबंद व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार रूट डायवर्जन आदि कार्यवाही समय से सुनिश्चित कर लिया जाय, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहें। बाजारों में भीड के दृष्टिगत यातायात की सुचारू व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाय। चैन स्नैचिंग तथा महिलाओं के साथ छेडखानी आदि आपराधिक घटनायें न होने पायें, इसके लिए, पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगायी जाय। उन्होंने कहा कि निर्धारित स्थलों के अलावा कहीं पर भी पटाखों की बिक्री न होने पाये। छठ पूजा के दृष्टिगत नदियों पर बैरीकेडिंग एवं गोताखोर की उपलब्धता समय से सुनिश्चित कर लिया जाय।इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड तथा प्रबुद्ध सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारीगण व क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं सम्भ्रान्त नागरिकगण उपस्थित थे।

# सीएम से मुलाकात की बात कह करके सीओ के बयान से भाग रहा अपराधी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव में वर्तमान प्रधान पर साजिश रच कर झूठ तरीके से मनगढ़ंत गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद वर्तमान प्रधान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज से मिला और अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज को बताया कि क्षेत्र का एक पेशेवर चर्चित अपराधी उसकी हत्या करना चाहता है जिस पर अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज ने मामले की जांच क्षेत्राधिकारी चायल को सौंप दी एडीजी से जांच का आदेश मिलने के बाद सीओ चायल ने अपराधी माफिया या कह लिया जाए पूर्व प्रधान को जांच के लिए सीओ कार्यालय बुलाया लेकिन इस शातिर अपराधी ने भी पुलिस अधिकारियों को भी चकमा देना शुरू कर दिया है और बयान देने सीओ कार्यालय नहीं पहुंच रहा है जिससे प्रधान की शिकायती पत्र का निस्तारण नहीं हो रहा है सूत्रों की माने तो जब सीओ कार्यालय में आरोपी को बयान के लिए बुलाया गया तो आरोपी ने बताया कि वह मुख्यमंत्री से मिलने गया है लेकिन ग्रामीणों की बातों को माने तो यह माफिया अपने शिकार की तलाश में क्षेत्र में घूमता रहा दर-दर पर झूठ बोलना और बहाने बाजी करना इस माफिया अपराधी की फितरत में शामिल है लोगों को चकमा देने मे इसे महारत हासिल है और अब यह सीओ को भी चकमा देने पर लगा हुआ है जिससे बयान देने नहीं पहुंच रहा है।

# बाइक सवार को ट्रक में कुचला बहन की मौत भाई गम्भीर घायल

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्का जाम मौके पर पहुंची भारी पुलिस फोर्स



**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार भाई बहन को कुचल दिया है जिससे बहन की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है और भाई की हालत गंभीर है हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध में सड़क पर चक्का जाम कर दिया सड़क हादसा और चक्का जाम की जानकारी मिलने के बाद भारी पुलिस फोर्स के साथ सीओ मौके पर पहुंचे हैं और ग्रामीणों को समझा बुझा कर-के सड़क खाली कराई है और बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है।

जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा निवासी प्रियंका सोनकर उम्र 26 पुत्री स्व अर्जुन सोनकर अपने भाई राजू सोनकर के साथ शुक्रवार को संदीपन घाट से गंगा स्नान कर बाइक से वापस घर आ रही थी जैसे ही बाइक सवार भाई बहन बिसारा टावर दशरथपुर गांव के समीप निमार्णाधीन राम वनगमन मार्ग के वनवे में पहुंचे थे कि बाइक को ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार भाई बहन सड़क पर गिर पड़ेहादसे में प्रियंका की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका भाई गम्भीर घायल हो गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है।जानकारी मिलने के बाद मौके पर सैकड़ो ग्रामीण समेत परिवार के लोग पहुंच गए परिवार के सदस्यों ने ट्रक चालक की गिरफ्तारी एवं वाहन बरामदगी के लिए चक्का जाम कर दिया। सूचना के बाद सिराथू क्षेत्राधिकारी अवधेश विश्वकर्मा कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुँचे परिजनों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार में कोहराम मचा है।

# पॉलिथीन जप्त करने पर नगर पंचायत टीम से उलझे व्यापारी, जमकर हुआ हंगामा



**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा कार्यालय टीम और तहसील प्रशासन नगर पंचायत अझुवा किराना गली मंडी में पॉलिथीन जप्त करने पहुंचे और जुमार्ना करना शुरू किया इस दौरान व्यापारियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया जिससे पालीथीन जब्त करने पहुंची अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह और उनकी टीम को पीछे हटना पड़ा व्यापारियों और पालीथीन जब्त करने पहुंची टीम से जमकर गरमा गर्म बहस हुई।सैकड़ों की संख्या में व्यापारी विरोध करते हुए नगर पंचायत अझुवा कार्यालय पहुंच गए जमकर हंगामा किया व्यापारियों ने कहा दिन भर में उतनी बिक्री नहीं होती जितना एक बार में जुमार्ना कर दिया जाता है आप लोग बड़ी बड़ी फैक्ट्रियों में पालीथीन क्यों बनने दे रहे हैं, वहां जब्ती करण की कार्रवाई क्यों नहीं की जाती छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारियों का कार्रवाई के नाम पर उत्पीड़न किया जाता है जब प्रतिबंधित पालीथीन नहीं मिलेगी तो हम व्यापारी पालीथीन नहीं बेचेंगे।अधिशाषी अधिकारी अझुवा रश्मि सिंह ने बताया शासनादेश के मुताबिक प्रतिबंधित पालीथीन के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया लेकिन दुकानदार ,व्यापारी प्रतिबंधित पालीथीन का खुला प्रयोग कर रहे हैं सरकारी आदेशों के तहत प्रतिबंधित पालीथीन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जो निरंतर चलाया जाएगा आज गुरुवार नगर पंचायत कार्यालय टीम और तहसील प्रशासन के साथ पालीथीन जब्त करने पहुंचे।इस दौरान कुल 15 किलो प्रतिबंधित पालीथीन 6 दुकानदारों से जब्त कर 43 हजार का जुमार्ना किया गया इस अभियान में नायब तहसील दार अतुल वर्मा, नगर पंचायत कार्यालय कर्मी मौजूद रहे हैं।

# डीएम ने दिए सहकारी समिति के 4 सचिव पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

**जिलाधिकारी ने सहायक विकास अधिकारी सहकारिता-मंझनपुर, सरसवॉ, कौशाम्बी, चायल, नेवादा, सिराथू एवं कड़ा को उर्वरक के वितरण में लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर सभी का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के दियें निर्देश**

**साधन सहकारी समिति-मंझनपुर के सचिव द्वारा अनियमितता बरतने एवं शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने की शिकायत प्राप्त होने पर निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में उर्वरक वितरण सम्बन्धी समीक्षा की गई बैठक में जिलाधिकारी उर्वरक की बिक्री स्टॉक के सम्बन्ध में सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए अक्टूबर माह में डी0ए0पी0 उर्वरक के अधिक वितरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। साधन सहकारी समिति-नेवादा, तिलगुड़ी, बिदांव एवं पुरखास के सचिव द्वारा उर्वरक-डी0ए0पी0 एवं एन0पी0के0 के वितरण में अनियमितता एवं नियमानुसार संचालन न करने की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए एफ0आई0आर0 दर्ज कराने के निर्देश सहायक निबन्धक एवं सहायक आयुक्त राजेन्द्र कुमार को दियें। साधन सहकारी समिति-मंझनपुर के सचिव द्वारा अनियमितता बरतने एवं शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दियें।

जिलाधिकारी ने सहायक विकास अधिकारी सहकारिता-मंझनपुर, सरसवॉ, कौशाम्बी, चायल, नेवादा, सिराथू एवं कड़ा को डी0ए0पी0 एवं एन0पी0के0 के वितरण में लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर सभी का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दियें। उन्हांने कृषि एवं सहकारिता के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि छोटे कास्तकारों को वरीयता के आधार पर उर्वरक वितरण किया जाय, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि खतौनी एवं आधार कार्ड देखकर ही उर्वरक का वितरण किया जाय, जिससे किसानां को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होने सभी सहायक विकास अधिकारी सहकारिता को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिदिन अपने-अपने विकास खण्ड के अन्तर्गत सभी समितियों का निरीक्षण करते हुए आख्या उपलब्ध करायें। उन्हांने कहा कि अक्टूबर माह में जिन किसानां द्वारा 20 बोरी से अधिक उर्वरक-डी0ए0पी0 एवं एन0पी0के0 क्रय किया गया है, उनका तत्काल सत्यापन कराकर फोटो सहित आख्या प्रेषित किया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी डॉ0 संतराम, सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता राजेन्द्र कुमार सहित सभी सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी उपस्थित रहें।

## बाइकर्स गैंग ने छीने दो मोबाइल सेट

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ीमोड़ क्षेत्र में बाइकर्स गैंग सक्रिय हो गया जो महिलाओं को निशाना बना रहा है। पहली घटना बुधवार को शाम सात बजे की है। पलटीपुर निवासी शनि पुत्र बांकेलाल शाम सात बजे साइकिल से टेढ़ीमोड़ से घर जा रहा था की गांव के पहले ही स्पेलेंडर सवार दो युवक उसका एंड्रायड सेट मोबाइल छीनकर भाग गए। दूसरी घटना गुरुवार की दोपहर तीन बजे की है। शहजादपुर के राजन टोला निवासी नरगिस बानो पत्नी इमरान ई रिक्शा से टेढ़ीमोड़ आ रही थी जैसे ही टेढ़ी मोड़ के पास पहुंचने वाली थी की पीछे से अपाचे सवार दो युवक आए महिला का मोबाइल छीनकर भाग गए । महिला अपनी भाभी को देखने जिला अस्पताल जा रही थी। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

## केशव प्रसाद मौर्य के निवर्तमान मीडिया प्रभारी ने ग्रहण की भाजपा की सक्रिय सदस्यता

**कौशाम्बी** संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत आज जिला कार्यालय में जिला प्रभारी अवधेश चंद्र गुप्ता व जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य की उपस्थित में उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निवर्तमान मीडिया प्रभारी भोले शंकर कुशवाहा ने पार्टी की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की । इस मौके पर भाजपा के तमाम सदस्य उपस्थित रहे।

## अधिकारी अपने विभाग से सम्बन्धित वेतन देयक 28 अक्टूबर तक कोषागार में करायें उपलब्ध

**कौशाम्बी** शासन द्वारा माह अक्टूबर 2024 का वेतन भुगतान 30 अक्टूबर 2024 को किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह ने समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को सूचित किया है कि अपने विभाग से सम्बन्धित वेतन देयक दिनांक 28 अक्टूबर 2024 तक कोषागार में उपलब्ध करायें, जिससे 30 अक्टूबर 2024 तक बिल पारण किया जा सकें।

# गैर कानूनी तरीके से हिंदुओं को निशाना बना रहे लोगों के खिलाफ तेज होगी लड़ाई : वेद प्रकाश सत्यार्थी

**डीएम कार्यालय का हिंदू संगठनों ने घेराव कर सौंपा ज्ञापन हजारों की संख्या में उतरे हिंदूवादी कार्यकताओं किया प्रदर्शन**



**कौशाम्बी।** जिले में बड़ी संख्या में हिंदू धर्म के मानने वालों के खिलाफ जो शादी चल रही है वह किसी भी स्तर में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चायल नगर में गोहत्या के मामले में अभी तक मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई। बलीपुर नारा गांव में दुर्गा विसर्जन के समय पर चलाए गए पत्थर के मामले में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। इसके साथ सैयद शर्मा के मदरसे से चल रहे जिहाद धर्मांतरण पर कार्रवाई नहीं होना जिले के प्रशासनिक विफलता का द्योतक है। आज जिले में जिस तरीके से वर्ग विशेष के लोग धर्म के चलते हमलावर है वह चिंता का विषय है उक्त बातें कार्यक्रम संयोजन कर रहे हिंदू अभिनेता वेद प्रकाश सत्यार्थी ने कहीं। इस मौके को बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरीके से जिला प्रशासन इन सभी मामलों में अनदेखी कर रहा है। वह जिले में सनातन धर्म को मानने वाले में आक्रोश का कारण बन गया है। आज जिस तरीके से हजारों लोगों ने उतार कर अपना विरोध कराया वह दिखा रहा है कि लोगों में बड़ी नाराजगी है। इस मौके पर मौजूद लोगों ने अपर जिला अधिकारी प्रबुद्ध सिंह को देश के गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नाम पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चायल नगर पंचायत के सरकारी कान्हा गौशाला में कई गोहत्या हुई थी क्षत विक्षत शव मिले थे। इस मामले में नगर पंचायत प्रतिनिधि सहित अन्य लोगों का नाम आया था ऊंची पहुंच के चलते इन पर कार्रवाई नहीं की गई सभी आरोपियों षड्यंत्रकरियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराई जाए। दूसरी मांग मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर नारा गांव में दुर्गा पूजन के अवसर पर मूर्ति विसर्जन के दौरान वर्ग विशेष के द्वारा हिंसा में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी। चरवा थाना क्षेत्र के सैयद सरावा गांव स्थित मदरसे से विदेशी फंडिंग के दम पर चल रहे जिले भर में धर्मांतरण लैंड जिहाद लव जिहाद के साथ विदेशी शिक्षण तथा छात्रों की जांच कर अवैध कार्यों में में कार्यवाही। जिले में पुनः ईसाई मिशनरियों तथा संस्था वर्ल्ड विजन के द्वारा धन्मांतरण चंगाई सभाओं का आयोजन कराया जा रहा है। जिले भर में सरकारी जमीनों तालाबों चरागाहों तथा ऊसर बंजर जमीनों पर अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहे हैं। इस मौके बोलते हुए नेता शिवम पांडे ने कहा कि यदि अभी कार्रवाई नहीं होती तो 15 दिन बाद हजारों की संख्या में अनिश्चितकाल के लिए हिंदू धरने में बैठने के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से दीपक, शिवम, मुकुल, अंकित, प्रिंस, महेंद्र, तारीफ यादव, वीरेंद्र दिवाकर, सर्वेश पटेल, संजय पटेल, आशीष द्विवेदी, कामता प्रसाद, अर्जुन, अमर सिंह, कृष्ण, विक्रम , राजाराम, युवराज ठाकुर, नीरज, प्रीतम मौर्य, अभिषेक राजपूत अजय राजपूत, मनदीप दिवाकर, कृष्णदत्त ओझा, मूलचंद , राम सिंह,संदीप शुक्ला, संजय, रोहन, बबलू अजीत, टीकम, समीर चौधरी, श्यामू लोधी, नीरज मोदनवाल, विकास अग्रहरी, निहाल पाण्डेय, आकाश सोनी, वीरेन्द्र सोनी, विनोद केशरवानी, ऋषि मोदनवाल, जितेन्द्र गुप्ता, लाला पाण्डेय सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### भारोत्तोलन प्रतियोगिता में छात्रा शकुन के स्वर्ण पदक अर्जित करने के पश्चात विद्यालय पहुँचने पर जोरदार स्वागत



**कौशाम्बी** अपने भार वर्ग में सबसे अधिक वजन उठाकर प्रयागराज मण्डल को गौरवान्वित करने वाली धर्मा देवी इण्टर कालेज की छात्रा शकुन के विद्यालय पहुंचते ही विद्यालय परिवार ने इसका जोरदार तरीके से स्वागत किया है। प्रयागराज में आयोजित 68वीं प्रदेशीय विद्यालयीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार कौशाम्बी की शकुन का राष्ट्रीय स्तर के लिये चयन हुआ है 68वीं प्रदेशीय विद्यालयीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में छात्रा शकुन के स्वर्ण पदक अर्जित करने के पश्चात विद्यालय पहुँचने पर स्काउट के छात्रों के द्वारा बैण्ड बाजे के साथ माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया साथ ही प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में समाजसेवी रणविजय निषाद,जिला क्रीडा सचिव श्याम लाल,जिला स्काउट कमिश्नर श्याम बाबू ने छात्रा शकुन को शील्ड, अंगवस्त्र एवं मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया अन्य राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को माल्यार्पण एवं प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया बालिका की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में जश्न का माहौल रहा कार्यक्रम का संचालन रामशंकर सिंह ने किया सम्मान समारोह में सभी शिक्षक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### भवंस फुटबाल ट्राफी पर मालवीय हाउस का कब्जा



**भरवारी कौशाम्बी** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी के खेल मैदान पर शुक्रवार को इंटर हाउस फुटबाल मैच नेहरू हाउस एवं मालवीय के बीच फुटबाल मैच का बहुत ही रोमांचक मुकाबला हुआ मैच का शुभारम्भ प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने किया टॉस नेहरू हाउस के कप्तान रमन सिंह ने जीता मैच के 6वें मिनट में ही रमन ने पहला गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी उसके तुरंत बाद मालवीय हाउस के कप्तान युवराज केसरवानी 11वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बराबर पर ला दिया। दूसरे हाफ 48वें एवं 65 वें कृष्णानंद द्विवेदी ने लगातार दो गोल कर अपनी टीम को 3-1 से विजय दिला भवंस ट्राफी पर मालवीय हाउस ने कब्जा कर लिया। प्रधानाचार्य ने दोनों टीमों को और अच्छा खेलने का आशीर्वाद देकर जिले,प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए आशीर्वाद दिया। मैच के रेफरी भूतपूर्व छात्र कोस्तुभ सिंह रहे। मैच में अवधेश मिश्र, सुधाकर सिंह, रामसनेही श्रीवास्तव नागेंद्र द्विवेदी, शिवम केसरवानी,मंशा कुमार यादव, सुशील श्रीवास्तव, मोहित त्रिपाठी, विवेक केसरवानी रविनारायण उपाध्याय, खुशबू गुप्ता,सीता यादव एवं समस्त छात्र एवं छात्राओं नेमैच का आनन्द लिया।

### व्यापारी की मौत से मनौरी में शोक की लहर



**मनौरी कौशाम्बी।** मनौरी के पूर्व नगर अध्यक्ष नरेश चंद्र केशरवानी के छोटे भाई वीरेंद्र कुमार केशरवानी की कल दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को लंबी बीमारी के कारण देहांत हो गया था जिनका आज शुक्रवार को 12:00 बजे फतेहपुर घाट गंगा नदी के किनारे पर अन्तिम संस्कार किया अंतिम संस्कार में हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की गई है।

### सदस्य राज्य महिला आयोग ने रंजू देवी के प्रकरण में यथाशीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

**सदस्य महोदया ने वन स्टाप सेन्टर एवं राजकीय आश्रम पद्यति बालिका विद्यालय भरसवां का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा**




**कौशाम्बी।** शिकायतकर्ता रंजू देवी निवासी-सोनारन टोला नगर पंचायत करारी द्वारा सदस्य राज्य महिला आयोग उ0प्र0 श्रीमती अंजू प्रजापति को शिकायती पत्र दिया गया जिस पर शिकायतकर्ता एवं तहसीलदार, लेखपाल आदि को आयोग के समक्ष प्रस्तुत कराकर सभी की बाते सुनी गयी। तहसीलदार मंझनपुर द्वारा जांच समिति के माध्यम से पुनः जांच कराते हुये शिकायत को यथाशीघ्र निस्तारण कराये जाने की बात कही गयी। उक्त के सम्बन्ध में सदस्य द्वारा शिकायतकर्ता के पते सोनारन टोला नगर पंचायत करारी का स्थलीय निरीक्षण किया गया। सदस्य द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। वन स्टाप सेन्टर में 02 महिला तथा 04 बालिकायें आवासित पायी गयी। शासन के निदेर्शानुसार वन स्टाप सेन्टर संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये। राजकीय आश्रम पद्यति बालिका विद्यालय भरसवां के कैम्पस, किचन, कमरे, आदि का निरीक्षण किया गया। उक्त विद्यालय को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित किया गया। उपरोक्त निरीक्षण के दौरान महिला थानाध्यक्ष मंझनपुर, प्रभारी थाना करारी, क्षेत्रीय लेखपाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी, संरक्षण अधिकारी एवं वन स्टाप सेन्टर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**महगांव कौशाम्बी।** महिलाओ की सुरक्षा और सम्मान के लिए चलाए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को संदीपन घाट थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मी द्वारा तमाम महिलाओं को उनके हक अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। संदीपन घाट थाना में तैनात आरक्षी पूनम ने महिलाओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान की कॉपी देते हुए कहा की किसी भी व्यक्ती द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी, सोसल मीडिया से परेशान करना या अनजान व्यक्ती पर किसी प्रकार का संदेश होने पर तत्काल 1090 व 112 सहित अन्य मोबाइल नंबरो पर कॉल करके सूचना दे सकती हैं। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जायेगा। थाने पर महिला हेल्पडेस्क व हेल्प लाइन बनाया गया है, जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। इस अभियान के तहत जिले के हर थाने पुलिस चौकी में महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा गांव गांव गली मोहल्ले स्कूल कॉलेज में जा जाकर महिला पुलिसकर्मी द्वारा लड़कियों और महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिहाज से जागरूक किया जा रहा है। मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण में संदीपन घाट थाना क्षेत्र की तमाम महिलाओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी बृजेश करवरिया ने बताया कि जरूरत पड़ने पर सरकार द्वारा टोल फ्री नम्बर 112, 1090, 1076, 1073 जैसे थाना समेत अन्य नम्बर जारी किए गए हैं। साथ ही शिकायतकर्ता अगर चाहे तो उसका नाम गुप्त रखा जायेगा। थाने पर महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है। महिला पुलिस अधिकारी हमेशा मौजुद रहती हैं। इस दौरान एसआई मुस्तफा खां, और महिला कांस्टेबल स्नेहलता, गीतांजलि अंजू मौर्या आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### मोदी-जिनपिंग वार्ता : ईमानदार अमल जरूरी

**रूस** के कजान में चल रही ब्रिक्स की बैठक के दौरान मिले भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई वार्ता के कई सकारात्मक बिंदु हैं, बशर्ते कि उनका ईमानदारी से पालन हो। इस वार्ता में जिन बातों को लेकर सहमति बनी है, उन पर अगर बराबरी के स्तर पर क्रियान्वयन हो तो भारत को कहीं ज्यादा फायदा होगा। पिछले 10 वर्षों में इन दो पड़ोसी मुल्कों के राष्ट्राध्यक्षों की कहने को तो 20 मुलाकातें हो चुकी हैं परन्तु दोनों के बीच स्थायी शांति के माहौल के कोई चिन्ह तक दिखाई तक नहीं देते। चीन ने भारत के लद्दाख क्षेत्र में न केवल बड़े भूभाग पर अतिक्रमण किया हुआ है बल्कि व्यापारिक तौर पर देखें तो उसे भारत से ही बड़ा मुनाफा हो रहा है। परस्पर आयात-निर्यात में बड़ा अंतर है।

यानी जितनी मात्रा में चीन भारत को विभिन्न तरह की वस्तुओं का निर्यात कर रहा है, उसके मुकाबले भारत का उस देश को निर्यात बहुत कम है। हालांकि इसमें चीन इसलिये मददगार साबित नहीं हो सकता क्योंकि भारत की निर्माण एवं उत्पादन की क्षमता ही वैसी नहीं है जो चीन का मुकाबला कर सके। इन सबके बावजूद कूटनीतिक व रणनीतिक तौर पर 'लाल ड्रैगन' कहे जाने वाले देश के साथ भारत के सौहार्द्रपूर्ण सम्बन्ध समय की जरूरत है। उसकी विस्तारवादी नीति पर भारत अन्य देशों को साथ लेकर ही रोक लगा सकता है।

इसके बावजूद मोदी-जिनपिंग वार्ता के महत्व से इंकार नहीं किया जा सकता। आबादी के मामले में दुनिया के सबसे बड़े दो देशों के बीच अच्छे और सहयोगात्मक रिश्ते दुनिया के लिये तो मायने रखें या न रखें, भारत के लिये नितांत जरूरी हैं। इस वार्ता में विकास को साझा लक्ष्य निरूपित कि?ा गया है। भारत के चीन से व्यवसायिक सम्बन्ध भी अच्छे होने चाहिये ताकि दोनों देश मिल-जुलकर विकास करें। वैसे इसका सीधा सम्बन्ध दोनों देशों के बीच वास्तविक रूप से शांतिपूर्ण और विवादरहित वातावरण से है। दोनों देशों की सीमाओं पर पिछले करीब 5 वर्षों से तनातनी है। अनेक क्षेत्रों पर चीन द्वारा घुसपैठ की शिकायतें हैं। खासकर गलवान क्षेत्र में तो दावा किया जाता है कि कई किलोमीटर तक चीनी सीमाएं न केवल घुस आई हैं वरन उन्होंने भारतीय सीमा सुरक्षा बलों को गश्त लगाने से भी मना कर रखा था। अपनी विश्वगुरु की छवि बनाने तथा पीएम बनने के पहले 'चीन को लाल आंखें' दिखाने जैसे बड़बोलेपन ने मोदी को इस कदर मजबूर कर दिया था कि उन्होंने इस बात से ही इंकार कर दिया था कि चीन ने कोई घुसपैठ की है। उन्होंने संसद में यहां तक कहा कि 'न तो कोई सीमा में घुसा है, न ही घुसा था। इससे चीन का साहस इस कदर बढ़ा कि उसने अनेक भारतीय क्षेत्रों में न केवल अपनी बस्तियां बसा लीं वरन हेलीपैड तक बना डाला। इतना ही नहीं, चीन भारत के सीमावर्ती राज्य अरूणाचल प्रदेश पर भी अपना दावा पेश करता रहा है। यह अच्छी बात है कि दोनों देश अब अपनी-अपनी सेनाओं को पीछे हटाएंगे। हालांकि यह अब भी अंधेरे में है कि आखिर चीनी सीमा कितने पीछे हटेगी जो पिछले कुछ वर्षों में काफी आगे तक बढ़ आई है ।

# धर्मनिरपेक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के निहितार्थ

-ललित गर्ग-

**सुप्रीम** कोर्ट ने अपने दो हालिया फैसलों में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या करते हुए इसे और मजबूती दी है। असल में धर्मनिरपेक्षता को लेकर संविधान-निमार्ताओं का मुख्य उद्देश्य धार्मिक सहिष्णुता, समानता एवं बंधुत्व भाव से था, लेकिन बाद में यह शब्द भ्रामक हो गया और इसने धर्म के अस्तित्व को ही नकार दिया। राजनेताओं ने अपने-अपने हितों को साधने के लिये इस धर्मनिरपेक्षता शब्द के वास्तविक अर्थ एवं भावना को ही धुंधला दिया। सर्वोच्च अदालत ने बीते सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बाबत धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया और स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए। धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है।

ध्यातव्य है कि 42वें संविधान संशोधन के बाद भारतीय संविधान की प्रस्तावना में ह्यपंथनिरपेक्षह्ल शब्द जोड़ा गया, लेकिन ह्यपन्थनिरपेक्षह्ल शब्द का प्रयोग भारतीय संविधान के किसी अन्य भाग में नहीं किया गया है। वैसे संविधान में कई ऐसे अनुच्छेद मौजूद हैं जिनके आधार पर भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य कहा जाता है क्योंकि भारत का संविधान देश के नागरिकों को यह विश्वास दिलाता है कि उनके साथ धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। संविधान में भारतीय राज्य का कोई धर्म घोषित नहीं किया गया है और न ही किसी खास धर्म का समर्थन किया गया है। इसका कारण भारत में अनेकों धर्म और सम्प्रदाय प्रचलित हैं। अतः संविधान निमार्ताओं ने इसको धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में स्वीकार किया। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दशार्ता है। निश्चित रूप से अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिये तल्खी दिखाने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। पूर्व राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन् ने धर्म निरपेक्षता शब्द के व्यापक हार्द को स्पष्ट करते हुए कहा था- ह्यधर्मनिरपेक्ष होने का अर्थ अधर्मी होना अथवा संकुचित धार्मिकता पर चलना नहीं होता, वरन इसका अर्थ पूर्णतः आध्यात्मिक होना होता है। निरपेक्ष का अर्थ है कि राष्ट्र की ओर से किसी धर्म विशेष का प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। सब धर्मों के प्रति समानता का व्यवहार किया जाएगाह्ल भारत के लोकतंत्र एवं संविधान की यही विशेषता है कि इसमें किसी एक धर्म को मान्यता न देकर सभी धर्मों को समान नजर से देखा जाता है।

आजकल धर्मनिरपेक्षता को लेकर चलने वाली बहसें अक्सर जिस तरह का तीखा रूप ले लेती हैं, उसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग इन दो फैसलों में इसकी अहमियत रेखांकित हुई है। एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा करार दिया तो दूसरे मामले में इसकी संकीर्ण व्याख्या से उपजी गड़बड़ियां दुरुस्त कीं। दूसरा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द किए जाने से जुड़ा था, जिसे मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने गलत करार दिया। हाईकोर्ट ने इस एक्ट को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ माना था। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की इस संकीर्ण व्याख्या के चलते प्रदेश के 13 हजार से ज्यादा मदरसों में पढ़ रहे 12 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे। मगर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जरूरत मदरसों को बैन करने की नहीं बल्कि उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने की है। लेकिन यहां एक प्रश्न यह भी है कि क्या मदरसे मुख्यधारा में आने को तैयार है? क्या मदरसे एक धर्म-विशेष से जुड़ा मामला नहीं है? अदालत का यह मानना कि मदरसों पर रोक लगाने के बजाय उनके पाठ्यक्रम को वक्त की जरूरत और राष्ट्रीय सोच के अनुरूप ढाला जाना चाहिये, उचित एवं संविधान की मूल भावना के अनुरूप है। जिससे छात्रों की व्यापक दृष्टि विकसित हो सके। लेकिन क्या ऐसा संभव है? क्या मदरसे अपने पाठ्यक्रम को संकीर्ण दायरों से बाहर निकाल कर व्यापक परिवेश में नया रूप दे पायेंगे? ऐसा होता है तो अदालत की सोच से भारत की एकता एवं अखण्डता को नयी ऊर्जा मिलेगी। फिर तो अदालत का दो टूक कहना कि यदि किसी भी प्रकार से धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कमजोर पड़ती है तो अंततः इसका नुकसान समाज व देश को ही उठाना पड़ेगा, सही है।



भारतीय समाज में सदियों से फल-फूल रही गंगा-जमुनी संस्कृति के पोषण देने के लिये सभी धर्मों एवं सम्प्रदायों को समानता से, बंधुत्व भावना से एवं उदारता से ही देखा जाना चाहिए।

आज धर्म-निरपेक्षता शब्द को लेकर राजनेता एवं राजनीति दो भागों में बंटी हुई है। समाज भी दो भागों मे बंटा है। आजादी के समय एवं संविधान को निर्मित करते हुए अंग्रेजी के सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्म करना भ्रामक हो गया। तब के इसी धर्म-निरपेक्ष शब्द के कारण आज विद्यालयों में धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाती, जिसका परिणाम यही है कि आज विद्यार्थियों का सर्वांगीण व्यक्तित्व-निर्माण नहीं हो रहा है। मैंने अणुव्रत आन्दोलन के प्रवर्तक आचार्य तुलसी के साथ विभिन्न राजनेताओं, धर्मगुरुओं, साहित्यकारों, पत्रकारों की इस शब्द को लेकर चचाओं में सहभागिता की। व्यापक सोच वाले आचार्य तुलसी का विश्वास रहा कि हिन्दुस्तान सम्प्रदाय निरपेक्ष होकर अपनी एकता को बनाए रख सकता है किन्तु धर्महीन होकर एकता को सुरक्षित नहीं रख सकता। लोकतंत्रीय राष्ट्र पर किसी सम्प्रदाय अथवा पंथ का आधिपत्य हो तो वह अपने लोकतंत्रीय स्वरूप को सुरक्षित नहीं रख सकता। इसलिए लोकतंत्रीय राष्ट्र का सम्प्रदाय अथवा पंथ-निरपेक्ष होना अनिवार्य है। साम्प्रदायिक कट्टरता में सहिष्णुता नहीं होती है अतः राजनीति किसी सम्प्रदाय विशेष की अवधारणा से संचालित नहीं होनी चाहिए। इसलिये संविधान में धर्मनिरपेक्ष के स्थान पर सम्प्रदाय-निरपेक्ष, मजहब-निरपेक्ष अथवा पंथ-निरपेक्ष शब्द का प्रयोग होना चाहिए। सम्प्रदाय निरपेक्ष होने का तात्पर्य धर्मनिरपेक्ष, धर्महीन या धर्मविरोधी होना नहीं हैंह्ल

इसी कारण धर्मनिरपेक्ष शब्द के कारण राजनैतिक दलों के अलग-अलग खेमे बन गए। इससे धर्म विशेष को लेकर पार्टी के द्वारा वोटों की राजनीति चलने लगी। इसीलिये आचार्य श्री तुलसी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पी. वी. नरसिम्हाराव से इस संदर्भ में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा- ह्यह्यजब तक सेक्युलर शब्द का सही अर्थ नहीं होगा, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की समस्या नहीं सुलझ सकती।ह्लह्ल राजीव गांधी ने इस संदर्भ में नोट्स मांगे। उन्हें विस्तार से सारी बातें उपलब्ध कराई गईं। कुछ समय बाद संविधान में सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्मनिरपेक्ष बदलकर संप्रदायनिरपेक्ष कर दिया गया।ह्ल लेकिन संविधान में धर्मनिरपेक्षता शब्द के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गयी। इसीलिये संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि धर्मनिरपेक्षता संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। सर्वोच्च अदालत के फैसले से यह भी साफ हुआ कि संशोधन के द्वारा प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े जाने का मतलब यह नहीं है कि इससे पहले धर्मनिरपेक्षता संविधान का अहम हिस्सा नहीं थी। चाहे समानता के अधिकार की बात हो या संविधान में आए बंधुत्व शब्द की या फिर इसके पार्ट 3 में दिए गए अधिकारों की, ये सब इस बात का साफ संकेत हैं कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की मूल विशेषता है।

# बाघों के बहाने वीरान होते गांव

– राजकुमार सिन्हा

**स्थानीय** समुदाय और 'संरक्षित क्षेत्रों' (अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान) में वन्यजीवों के बीच टकराव की स्थिति में 'संरक्षित क्षेत्र' के अन्तर्गत 'संकटग्रस्त वन्यजीव आवास क्षेत्र' घोषित किए जाने की पूरी प्रक्रियाओं के चरण निर्धारित किए गए हैं। इसके तहत पहले वन अधिकारों की संपूर्ण मान्यता दी जाती है।



मध्यप्रदेश में आजकल राजधानी भोपाल से लगे हुए रातापानी अभ्यारण्य को 8 वां टाइगर रिजर्व बनाने की तैयारी चल रही है जिसमें 2170 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें राज्य के सीहोर और औबेदुल्लागंज के वन क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इसके अंदर 32 गांवों के दस हजार परिवार निवासरत हैं। दूसरी ओर अलग-अलग 'टाईगर रिजर्व' के बीच कॉरीडोर बनाया जाना प्रस्तावित है जिसमें अनेक गांवों के विस्थापन की संभावना है। इस कॉरीडोर में कान्हा से पेंच टाईगर रिजर्व, पेंच से सतपुडा टाईगर रिजर्व और बांधवगढ़ से संजय टाईगर रिजर्व को जोडा जाएगा।

देश के 19 राज्यों के 53 टाईगर रिजर्व से 848 गांव के 89808 परिवारों को 'टाईगर रिजर्व' के 'कोर क्षेत्रों' से विस्थापित किया जाना प्रस्तावित है जिनमें अधिकांश आदिवासी समुदाय के लोग हैं। अभी तक 257 गांवों के 25007 परिवारों को हटाया जा चुका है। विगत 19 जून 2024 को पर्यावरण मंत्रालय के 'राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण' (एनटीसीए) ने एक आदेश जारी किया है। इसमें सभी राज्यों के अधिकारियों को राज्य में घोषित किए गए 'टाईगर रिजर्व' के 'कोर क्षेत्रों' में मौजूद 591 गांवों और उनके 64801 परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर स्थानांतरित करने का निर्देश शामिल है और इस पर 'कार्य योजना' तथा नियमित प्रगति रिपोर्ट मांगी गई है।

'एनटीसीए' द्वारा विस्थापन को लेकर उठाये गए ये कदम पूर्ण रूप से कानून और संरक्षण के ढाचों व भावनाओं की अवहेलना करते हैं और अनेक संबंधित कानूनों का उल्लंघन करते हैं। इनमें 'वन अधिकार कानून - 2006,' 'वन्यप्राणी संरक्षण कानून झ्र 1972' व संशोधित 2006, 'भू-अर्जन, पुनर्वास और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम - 2013,' 'पेसा कानून - 1996,' 'अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम-1989' शामिल हैं। 'एनटीसीए' द्वारा निर्देशित यह विस्थापन वन्यजीव संरक्षण के इतिहास में संरक्षण के नाम पर सबसे बड़ा विस्थापन होगा।

'बाघ परियोजना' की शुरूआत 7 अप्रेल 1973 को हुई थी। इसके तहत शुरू में देशभर में 9 'बाघ अभ्यारण्य' बनाए गए थे। आज इनकी संख्या बढ़कर 53 हो गई है। 'एनटीसीए' के गठन सबंधी प्रावधानों की व्यवस्था करने के लिए 'वन्यजीव संरक्षण अधिनियम - 1972' में संशोधन किया गया। इन्हीं संशोधनों के बाद 'वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम - 1972' तथा संशोधित 2006 की धारा 38-(4) (ह्वह्व) के अनतर्गत प्रत्येक 'टाइगर रिजर्व' में 'बफर क्षेत्र' अधिसूचित किया जाना अनिवार्य किया गया है।

'बफर क्षेत्र' 'क्रिटिकल टाईगर हैबीटेट' (संकटग्रस्त वन्यजीव आवास क्षेत्र) या 'कोर क्षेत्र' के चारों ओर का वह क्षेत्र है, जहां 'कोर क्षेत्र' की तुलना में कम प्रतिबंधों की आवश्यकता होती है एवं 'क्रिटिकल टाईगर हैबीटेट' की समग्रता के लिए आवश्यक है। 'वन अधिकार कानून 2006' की कंडिका - 4(2) में प्रावधान है कि संकटग्रस्त बाघ आवासों की स्थापना राज्य सरकार द्वारा इस विषय पर गठित विशेषज्ञ समिति के परामर्श के आधार पर अधिसूचना के माध्यम से की जाएगी।

इन क्षेत्रों की स्थापना वैज्ञानिक तथ्यों और उद्देश्यों के आधार पर बाघ संरक्षण के उद्देश्य के लिए की जाती है। इन क्षेत्रों की अधिसूचना जारी करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है कि जनजातियों या वन-निवासियों के अधिकारों को किसी प्रकार के प्रभाव से मुक्त रखा गया है। 'बफर क्षेत्र' में लोगों की आजीविका, विकास, सामाजिक-सांस्कृतिक अधिकारों के साथ वन्यजीव तथा मानवीय कार्यों के सह-अस्तित्व के उद्देश्यों को बढाना जरूरी है। 'बफर क्षेत्र' की सीमाओं का निर्धारण वैज्ञानिक तथा उद्देश्यों के आधार पर सबंधित ग्रामसभा और इस उद्देश्य के लिए गठित विशेषज्ञ समिति से परामर्श द्वारा होता है।

स्थानीय समुदाय और 'संरक्षित क्षेत्रों' (अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान) में वन्यजीवों के बीच टकराव की स्थिति में 'संरक्षित क्षेत्र' के अन्तर्गत 'संकटग्रस्त वन्यजीव आवास क्षेत्र' घोषित किए जाने की पूरी प्रक्रियाओं के चरण निर्धारित किए गए हैं। इसके तहत पहले वन अधिकारों की संपूर्ण मान्यता दी जाती है। उचित प्रतिनिधित्व के साथ विशेषज्ञ समिति गठित की जाती है जिसमें स्थानीय समुदाय का प्रतिनिधि भी शामिल होता है। यह समिति विमर्श की खुली प्रक्रिया अपनाती है। प्रत्येक मामले के लिए व्यक्तिगत रुप से वैज्ञानिक और निष्पक्ष आधार का उपयोग किया जाता है।

'संकटग्रस्त वन्यजीव आवास क्षेत्र' घोषित करने के पहले वन्यजीवों को होने वाली अपरिवर्तनीय क्षति और उनके अस्तित्व के लिए खतरे को स्थापित किया जाना जरूरी है। यदि क्षेत्र में सामूहिक रूप से कोई खतरा होता है तो 'सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन योजनाओं' में संशोधन या फिर, यदि जरूरी हो तो योजनाओं में दिए गए अधिकारों या उसे लागू करने के तरीकों में संशोधन के माध्यम से सह-अस्तित्व का परीक्षण किया जाता है। अगर सह-अस्तित्व संभव है तो लंबे समय के लिए सह-प्रबंधन प्रणाली बनाई जाती है। अगर सह-अस्तित्व संभव नहीं है तो सबंधित हिस्सों के लिए एक व्यापक पुनर्वास पैकेज तैयार किया जाता है जो मौजूदा कानूनों और नीतियों के अनुरूप हो और जिसे सबंधित ग्रामसभाओं की पूर्ण सहमति प्राप्त हो गई हो। 'टाइगर रिजर्व' की घोषणा के पहले उपरोक्त सभी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज कर गांवों को स्थानांतरित करने पर जोर दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में बांधवगढ़, कान्हा, पेंच, संजय-दूबरी, सतपुड़ा, पन्ना और वीरांगना दुर्गावती 'टाईगर रिजर्व' हैं जो अन्य राज्यों से अधिक है। इन 7 'टाईगर रिजर्व' में से 165 गांवों के 18626 परिवारों को नोटिफाई किया जा चुका है और जिसमें से 109 गांवों के 9058 परिवारों को विस्थापित किया जा चुका है। अब 56 गांवों के 9568 परिवारों को विस्थापित किया जाना शेष है।

विस्थापित परिवारों को जो आश्वासन दिए गए थे, वे पूरे नहीं हुए हैं। सतपुड़ा टाईगर रिजर्व के गांव साकई, झालई, नया माना और खामदा को जमानी के पास बसाया गया है, परन्तु यहां पीने के पानी तक का संकट है। इसी वर्ष 'अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस' पर नई दिल्ली स्थित एक मानव अधिकार समूह द्वारा 'भारत के बाघ अभ्यारण्य : आदिवासी बाहर निकलें, पर्यटकों का स्वागत' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रोजेक्ट टाईगर के कारण अनुसूचित जनजातियों और अन्य वन-निवासी परिवारों के कम-से-कम 5.5 लाख लोग विस्थापित होंगे। 2021 से पहले 50 'बाघ अभ्यारण्यों' से विस्थापित लोगों की संख्या 254794 थी।

# हिंसा के मौजूदा माहौल में चिकित्सा पेशे के सामने बड़ी चुनौती

- डॉ. अरुण मित्रा

**इन दिनों** हिंसा की रोकथाम एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल है। हमें सामाजिक सद्भाव और तनाव में कमी के लिए काम करना चाहिए ताकि हिंसा को रोका जा सके। डॉक्टरों के रूप में हमें दुनिया भर के शांतिप्रिय लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करनी होगी, संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए मजबूत आवाज उठानी होगी।



शायद हम तब तक यह नहीं समझ पाये कि हमारे समाज में नैतिक संकट खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है, जब तक कि हमने कोलकाता में एक युवा महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और जघन्य हत्या की खबर नहीं सुनी। पश्चिम बंगाल में जूनियर डॉक्टर मुख्य रूप से दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई, अस्पतालों में सुरक्षा और संरक्षा, सरकारी अस्पतालों में बुनियादी ढांचे को अपडेट करने और इस प्रकार रोगी देखभाल की गुणवत्ता में सुधार की मांग करते हुए अपना आंदोलन जारी रखे हुए हैं।

डॉक्टर कई जगहों पर भीड़ की हिंसा का निशाना बने हैं, ज्यादातर तुच्छ कारणों से। इसलिए, कार्यस्थल पर सुरक्षा की माग को लेकर डॉक्टरों के बीच आक्रोश, खासकर महिला डॉक्टरों के लिए, बिल्कुल जायज है। ये ऐसे मुद्दे हैं जिनके लिए डॉक्टरों को आंदोलन करने की जरूरत नहीं है, और संबंधित सरकारों का यह कर्तव्य है कि वे विभिन्न क्षेत्रों में सभी नागरिकों के लिए काम करने के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सा पेशेवरों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए क्योंकि उन्हें दिन-रात काम करना पड़ता है। वर्तमान परिस्थितियों में जब महिला डॉक्टरों की संख्या पुरुष सहकर्मियों से अधिक है, तो उनकी सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। कोई भी व्यक्ति किसी भी दवा की प्रतिक्रिया, शल्य चिकित्सा विफलता, चिकित्सा विफलता या अनजाने में हुई लापरवाही से पूर्ण इलाज या 100 प्रतिशत सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकता है। इसलिए जब स्वास्थ्य सुविधाओं और डॉक्टरों और पैरामेडिक्स सहित कर्मचारियों पर हमला किया जाता है और उपकरण, संपत्ति और अन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया जाता है, जिसने सैकड़ों रोगियों को बीमारी से उबरने में मदद की है, तब यह अस्वीकार्य है। आर जी कर मेडिकल कॉलिज के मामले में, यह संगठित अनियंत्रित भीड़ थी जिसने सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिये और सुबूत नष्ट करने की कोशिश की। मामला अब सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में जांच के अधीन है। आर जी मेडिकल कॉलेज कोलकाता की घटना इस बात का दुखद प्रतिबिंब है कि हम कितने अधीर, बेचैन, आक्रामक और बेपरवाह समाज बन गये हैं। अस्पताल, क्लीनिक या अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को अब तक पूजा स्थल माना जाता रहा है और समाज द्वारा उन्हें उचित सम्मान दिया जाता रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भीड़ द्वारा हत्या और घृणा फैलाने वालों को संरक्षण देकर समाज में आक्रामकता को बढ़ावा दिया गया है।

बलात्कारियों और हत्यारों को बार-बार पैरोल दिए जाने से समाज में ऐसी मानसिक स्थिति बन गयी है, जहां आक्रामकता को सामान्य माना जाता है और इसने हिंसा और संघर्षों के राजनीतिकरण के संबंध में आबादी को लगभग असंवेदनशील बना दिया है। नैतिक पतन घर से शुरू हुआ है, जहां गुणात्मक संचार बदल गया है या कम हो गया है। स्कूलों में प्रारंभिक चरणों में शिक्षा की गुणवत्ता की कमी ने इसे और बढ़ा दिया है। चिकित्सा पेशे के लिए ये गंभीर मुद्दे हैं, जिन पर विचार करना चाहिए। चिकित्सा क्षेत्र में कॉर्पोरेट जगत के प्रवेश के साथ चिकित्सा पेशा गंभीर प्रतिस्पर्धी व्यवसाय मॉडल बन गया है, जिसमें पीड़ितों या उनके परिवार के प्रति कोई सहानुभूति नहीं है। बढ़ती असमानताओं और कॉर्पोरेट संचालित स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा वहन करने में असमर्थता के परिणामस्वरूप चिकित्सा पेशे की अखंडता सवालों के घेरे में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ चिकित्सा पेशेवरों ने स्वास्थ्य सेवा की कॉर्पोरेट प्रणाली को अपना लिया है और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के प्रति चिंता खो दी है।

भविष्य में कई युवा डॉक्टर महामारी वैज्ञानिक या सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ बनेंगे। उन्हें बीमारियों, संक्रमण और रोगाणुरोधी प्रतिरोध को रोकने के लिए परिस्थितियों से निपटना होगा। उन्हें स्वच्छ पेयजल, सीवरेज सुविधाओं, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वस्थ पोषण तथा अन्य ऐसे मुद्दों के बारे में उच्च अधिकारियों से बात करनी होगी। उन्हें कई बीमारियों की रोकथाम के कार्यक्रम, कुछ बीमारियों के दौरान टीकाकरण, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि की रोकथाम के लिए बरसात के मौसम में फॉगिंग करने में प्रशासन की विफलताओं पर प्रतिक्रिया देनी होगी।

डॉक्टरों को प्राकृतिक आपदाओं में अपनी जान जोखिम में डालकर विपरीत परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। यह जलवायु परिवर्तन और इसके शमन के प्रति हमारे दृष्टिकोण को ध्यान में लाता है। यह सही समय है कि हम ऐसे मुद्दों पर नवोदित डॉक्टरों को प्रशिक्षित करें। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंसा में वृद्धि एक वैश्विक घटना बन रही है। दुनिया के कई हिस्सों में चरम प्रकार की हिंसा देखी जा रही है। मध्य पूर्व और यूक्रेन के युद्धों में हजारों असहाय बच्चे और महिलाएं मारी जा रही हैं और चिकित्सा के अभाव में मर रही हैं। अफ्रीका और अन्य जगहों के कई हिस्सों में संघर्षों में सैकड़ों लोग भूख, कुपोषण और बीमारियों से मर रहे हैं।

## नानाजी के बताये मार्ग पर चलने का बच्चों ने लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, जिला संयुक्त चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी डॉ तनुसा टी आर, उप जिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष बसंत पंडित द्वारा पंडित दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट द्वारा वीरांगना दुर्गावती की 500 जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय बाल शिविर का आयोजन रामनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत धुरेहटा में किया गया। इस अवसर आधा दर्जन विद्यालयों के 96 छात्र-छात्राओं द्वारा कमलासन, योगासन, सूर्य नमस्कार, नृत्य, पीटी आदि का प्रदर्शन किया गया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि इस शिविर में जो आप लोग सीखें है, उसे भूलिए नहीं यह शारीरिक व मानसिक को बढ़ावा देता है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया की कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत पात्रों को लाभान्वित करें । उन्होंने कहा कि आप लोग अपने माता-पिता के अनुशासन का पालन करें आप लोग जो सीखा है उसका भी अनुपालन करें। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि नानाजी ने कहा था कि अपने लिए नहीं अपनों के लिए जिएं। आप लोगों को दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा सिखाया जा रहा है, उसका अनुसरण करें । उन्होंने कहा कि संगठन सचिव अभय महाजन ने देश के लिए पूरा जीवन अर्पण की कर दिया है। आप लोग सुबह उठकर व्यायाम करें, जिससे शरीर स्वस्थ रहे। मोबाइल को बेहद आवश्यक होने पर सदुपयोग करें। नई पीढ़ी के लिए मोबाइल का दुरुपयोग बेहद खातक साबित हो रहा है। दीनदयाल शोध संस्थान संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि भारत का भविष्य आप लोगों में है। कहा कि नाना जी की कल्पना थी कि जो देश की भविष्य हैं उसका सर्वांगीण विकास होना चाहिए। केवल किताबी ज्ञान नहीं होनी चाहिए कहा कि कुछ सीखने के लिए कुछ खोना पड़ता है। चिकित्साधिकारी डा तनुसा टी आर ने कहा कि दीपावली में जो पटाखे फोड़ते हैं, उस समय कोई दुर्घटना होती है तो बचाव के लिए पहले से इंतजाम रखने चाहिए। उन्होंने मिर्गी, अस्थमा आदि के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। साथ ही प्रोत्साहन के लिए चॉकलेट भी बांटी। इस मौके पर सीमा पांडेय, शिविर संयोजक जितेंद्र सिंह, अशोक पांडेय, केवीके से डॉ राजेंद्र सिंह सहित दीनदयाल शोध संस्थान की टीम मौजूद रही।



कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी।

## अंबेडकरनगर एक्सप्रेस में युवक का मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ट्रेन में संदिग्ध दशा में एक युवक की मौत हो गई। वह सूरत में एक डायमंड कंपनी में काम करता था। बीती रात अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस से सूरत से कर्वी आ रहा था।

बीती रात ढाई बजे कर्वी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस को सूचना मिली कि 32 वर्षीय युवक राघवेंद्र पांडे चितरवार मऊ की ट्रेन में मौत हो गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अंबेडकरनगर एक्सप्रेस से शव को बाहर निकाला। उसकी पहचान राघवेंद्र पांडे के रूप में हुई। पुलिस ने शुक्रवार को सवेरे पांच बजे मृतक के परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने बताया कि राघवेंद्र झांसी में ट्रेन बदलकर अंबेडकरनगर एक्सप्रेस में सवार हुआ था। बांदा-कर्वी के बीच उसकी अचानक मृत्यु हो गई। इसके बाद अन्य यात्रियों ने इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। मृतक के परिजनों ने बताया कि राघवेंद्र पूरी तरह स्वस्थ्य था। उसकी मृत्यु से वे चिंतित हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मर्चरी में बैठे मृतक के परिजन।

## सात पर मिनी गुंडा की कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले शिवाकान्त द्विवेदी पुत्र रामानुज द्विवेदी नैनी सरधुवा, छोटू उर्फ शिवाकान्त चतुर्वेदी पुत्र भार्गव प्रसाद बिहरवां, राममिलन उर्फ पुति स्व कुलबुल उर्फ चन्द्रपाल सरधुवा, विकास पुत्र प्रहलाद देवारी, अमित तिवारी पुत्र नकुल तिवारी बरद्वारा, दीपक पाण्डेय पुत्र दुवुकबा लमियारी, दिनेश पुत्र सकू रैदास लमियारी के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

## त्यौहार बाबत हुई बैठक, गल्लामंडी का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** एडीएम व एएसपी ने दीपावली मेला में लगने वाले पटाखा दुकानों का गल्लामंडी में सम्भावित स्थानों पर सदर एसडीएम सुश्री पूजा साहू व सीओ सिटी राजकमल की मौजूदगी में स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धितों को निर्देश दिये। कहा कि मेला में किसी प्रकार की घटना होने पर लोगो को सूचित करें। इस मौके पर नगर पालिका अधिशाषी अभियन्ता लालाजी यादव व कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

इसी क्रम में मऊ थाना परिसर में दीपावली पर होने वाली आतिशबाजी को लेकर एसडीएम सौरभ यादव व सीओ जयकरण सिंह ने क्षेत्र के तीनों थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक में पटाखा विक्रेताओं को निर्धारित स्थानों पर ही दुकान लगाने के निर्देश दिये। एसडीएम सौरभ यादव ने कहा कि किसी भी दशा में बस्ती के अंदर पटाखे की दुकान नहीं लगेंगी। चिन्हित स्थानों में ही पटाखों की दुकान लगाई जाएगी। नगर पंचायत मऊ में सफाई बाबत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। पटाखा विक्रेताओं को निर्देश दिये कि दुकानों के समीप पानी की टंकी व बालू की बोरियां रखनी होंगी। सभी पटाखा विक्रेता शासन के नियमानुसार दुकान खोलेंगे। बैठक में मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय, रैपुरा थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल, बरगढ़ थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य समेत बरगढ़, मऊ, रैपुरा के दुकानदार मौजूद रहे। इस प्रकार प्रशासन ने दीपावली के पर्व को सुरक्षित व सुखद बनाने को आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।



गल्लामंडी का जायजा लेते अधिकारीगण।

## किसान ने लगाया मारपीट का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** वन विभाग रैपुरा रेंज के आलाधिकारियों पर 70 साल के किसान ने लाठी-डंडो से मारपीट का आरोप लगाया है। ये आरोप गढ़चपा गांव के मजरा ककरहोली पुरवा के बेरी उर्फ रामदास (70) ने मानिकपुर थाने में सौंपे पत्र में लगाया। बताया कि बीती शाम अपने खेत की रखवाली करके वापस अपने घर जा रहा था। तभी सामने से वन विभाग की गाड़ी आ रही थी। अपनी सुरक्षा को रामदास ने हाथ में कुल्हाड़ी ले रखी थी। गाड़ी रोककर वन दरोगा फूलचन्द्र व तीन अज्ञात लोगों ने उसके साथ मारपीट की। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पीडित रामदास ने दबंगों की रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।



पीडित रामदास।

## चार माह से गौशाला संचालन का नहीं हुआ भुगतान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में प्रधानों ने आर्थिक तंगी व गौशाला के भरण-पोषण में देरी पर चिंता जताई है। अखिल भारतीय प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ल की अगुवाई में प्रधानों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रभारी मंत्री मनोहर लाल उर्फ मन्नू कोरी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को ज्ञापन में प्रधानों ने बताया कि पिछले चार महीनों से जिले की गौशाला का संचालन किया जा रहा है। भरण-पोषण का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। इससे उन्हें गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानों ने बताया कि बुंदेलखंड के अन्य जिलों में भूसे का रेट 750 रुपए प्रति कुंतल मंजूर किया गया है और वहां जल्द ही भुगतान होने वाला है, जबकि जिले में भूसे की दर पर अभी तक कोई निणर्य नहीं लिया गया है। प्रधानों को अन्य जिलों की तुलना में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानों ने चेतावनी दिया कि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो उन्हें गौशाला का संचालन बंद करने को मजबूर होना पड़ेगा। प्रभारी मंत्री मन्नू कोरी ने प्रधानों को आश्वासन दिया कि दीवाली के बाद एक सप्ताह के भीतर भुगतान करवा दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी समय पर भरण-पोषण का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कर्वी ब्लाक अध्यक्ष विष्णुकांत पांडेय, पहाड़ी से अभिलाष पटेल, मानिकपुर से जगदीश पटेल, मऊ से प्रभात मिश्रा समेत अन्य प्रधान मौजूद रहे।



ज्ञापन दिखाते प्रधान।

## क्षेत्रीय लोगों से वार्ताकर सुरक्षा का दिया भरोसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर धनतेरस व दीपावली मेला संपन्न कराने को एडीएम की अगुवाई में सीओ सिटी राजकमल की मौजूदगी में पुलिस बल के साथ कर्वी शहर शहर के धातुरहा चौराहा, शंकर बाजार, सर्राफा बाजार, स्टेशन रोड, धनुष चौराहा, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया। पुलिस टीम ने दुकानदारों, व्यापारियों, क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ताकर सुरक्षा का भरोसा दिया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों, संदिग्ध लोगों से पूंछताछ की गयी। पैदल गश्त दौरान कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## चित्रकूट का होगा अयोध्या की तर्ज पर विकासः दिलीप

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मप्र के मंत्री दिलीप जायसवाल ने कामदगिरि की परिक्रमा करते हुए भगवान मत्स्यगयेन्द्रनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने घोषणा किया कि चित्रकूट का विकास अयोध्या की तर्ज पर किया जाएगा। शुक्रवार को मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि चित्रकूट भगवान श्रीराम की नगरी है। भगवान राम ने अयोध्या के बाद सर्वाधिक समय यहां बिताया था। उन्हीं से प्रेरणा लेकर समाज व प्रदेश के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने घोषणा किया कि चित्रकूट का विकास अयोध्या की तर्ज पर किया जाएगा। जैसे अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हो रहा है, वैसे ही चित्रकूट में भी भगवान राम के इस धाम का विकास किया जाएगा। हम चित्रकूट को और भी सुंदर और भव्य बनाएंगे, ताकि यहां आने वाले लोग इसके सौंदर्य को बार-बार निहारें। इस मौके पर मौजूद भक्तों ने मंत्री के विचारों की सराहना की। चित्रकूट की भूमि पर धार्मिक आयोजनों की महत्ता को सभी ने महसूस किया।



जानकारी देते मंत्री दिलीप जायसवाल।

## दीपावली से पहले गड्ढा मुक्त करें सडकेंः प्रभारी मंत्री

### कानून व्यवस्था व विकास प्राथकिमता की हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र सरकार के श्रम एवं सेवायोजन विभाग के राज्यमंत्री/जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल उर्फ मुन्नू कोरी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

शुक्रवार को प्रभारी मंत्री ने जिला स्तरीय अधिकारियों को दीपावली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि देश-प्रदेश में जीरो टालरेंस पर कार्य चल रहा है। पुलिस विभाग सतर्कता से कार्य करे। आम जनता को योजनाओं का लाभ दें। मन, विवेक व बुद्धि से कार्य करें। भाजपा सरकार प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री की अगुवाई में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सहायक निबंधक सहकारी समितियों को निर्देश दिये कि डीएपी खाद जो साधन सहकारी समितियों पर भेजी गई है, उसकी सूची जनप्रतिनिधियों को दी जाये। जिले में किसी भी स्तर पर खाद की कमी नहीं होना चाहिए। जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि गांव-गांव अवैध शराब बिकने की शिकायतें मिल रही हैं। अभियान चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिये। अधिशासी अभियंता सिंचाई से कहा कि 15 नवंबर तक नहरो की सिल्ट सफाई कराकर टेल तक पानी पहुंचाया जाये। लोनिवि के अधिकारियों से कहा कि दीपावली से पहले सड़कों के गड्ढे भरवा दें। अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि जो ट्रांसफार्मर जले हैं, उसे बदला जाये। जो लाइन मैन एक ही क्षेत्र में कई वर्षों से कार्यरत है, उनके क्षेत्र बदले जायें। बैठक में एनएच के अधिकारियों व ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के अधिकारियों के प्रतिभाग न करने पर कार्यवाही के निर्देश दिये। एसपी ने कानून व्यवस्था बाबत कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुसार अराजकता फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, अपर उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व/प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इन्द्र नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।



बैठक में निर्देश देते प्रभारी मंत्री।

## जिम्मेदारों की छत्रछाया में हो रहे अवैध निर्माण कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय से सटे लोढ़वारा गांव में भू- माफियाओं की मनमानी सामने आई है। सदर तहसील से पांच किमी दूरी लोढ़वारा गांव में दबंग भू-माफियाओं की मनमानी के चलते तहसील प्रशासन बेबस है। सार्वजनिक सरकारी जमीनों पर कर दिया अवैध रूप से पट्टा। ये खुलासा शुक्रवार को हुआ। बताया गया कि शासन के निर्देशों की खुलेआम अनदेखी कर सरकारी कर्मचारियों को पट्टा दिया गया। एक ही व्यक्ति का नाम बदल कर दो-दो बार पट्टा दिया गया। सरकारी दस्तावेजों के साथ की गई हेराफेरी। ग्राम पंचायत के गाटा संख्या 1372 में वीरेंद्र कुमार पुत्र मूरतध्वज चार मंजिला भवन का निर्माण करा रहा है। वहीं गाटा संख्या 1596 सार्वजनिक चक मार्ग में अभी भी निर्माण कार्य चल रहा है। पहाड़ की जमीन में बच्चा पुत्र बच्छराज अवैध रूप से मकान निर्माण करा रहा है। बच्चा चैकीदार है। सूत्रों के अनुसार हल्का लेखपाल चंद्रभान सिंह पटेल की मिलीभगत से निर्माण कार्य चल रहे हैं। तहसील प्रशासन चुप्पी साधे है। जिला प्रशासन इस मामले को संज्ञान में लेते हुए कब कार्यवाही करेगा।



जांच करती टीम।

## खाद्य/पेय पदार्थों में मिलावट की रोकथाम को चला अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त के आदेश तथा डीएम के निर्देश पर दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज पर्व के मौके पर आम जनता को शुद्ध व सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने तथा मिलावटी खाद्य पदार्थों पर रोकथाम को जिले में विशेष अभियान चलाया गया।

शुक्रवार का सहायक आयुक्त सुश्री प्रियंका सिंह ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पकज कुमार की अगुवाई में प्रवर्तन अधिकारी प्रदीप कुमार, विनय कुमार, प्रमोद कुमार सोनकर ने अभियान चलाकर जिले में खाद्य/पेय पदार्थों में मिलावट का सन्देह होने पर जगह-जगह छापामार कर जांच को नमूने एकत्र किये। अभियान दल ने विभिन्न खाद्य पदार्थों के चार नमूने तथा एक नमूना हल्दीराम सोनपापडी, एक नमूना मधुसूदन घी, एक नमूना नमकीन व एक नमूना नारियल बर्फी सग्रहित कर जांच व विशेषण को खाद्य विशेषक प्रयोगशाला भेजा। विभिन्न खाद्य पदार्थों तथा नारियल बर्फी मिठाई 15 किलो मूल्य छह हजार, कचरी पांच किलो मूल्य पांच सौ, बाजरा 25 किलो मूल्य पांच सौ, रंगीन मटर पांच किलो मूल्य साढे तीन सौ, तेल 15 लीटर मूल्य 15 सौ रुपये संदेह पर नष्ट कराया। जांच परिणाम मिलने पर सम्बन्धित खाद्य कारोबारियों पर कार्यवाही की जायेगी। खाद्य कारोबारियों को हिदायत दी कि खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह की मिलावट न करें। अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

## बॉलीबाल प्रतियोगिता में वाराणसी ने लखनऊ को हराया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पं दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी पर राज्य स्तरीय महिला बॉलीबाल प्रतियोगिता का जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने विजेता टीम को ट्राफी देकर समापन किया।

शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि ये राज्य स्तरीय मुकाबला पहली बार जिले मे हो रहा है। ये बहुत बडी उपलब्धि है। इससे क्षेत्र के नये युवाओ को खेल में आगे बढने का मौका मिलेगा। इससे वह जिले समेत प्रदेश मे नाम रोशन करेंगे। उन्होने विजेता टीम को 2100 रुपये तथा उप विजेता टीम को 1600 रुपये देकर सम्मानित किया। बेस्ट ऑफ खिलाडी का पुरस्कार इच्छा मेहरा को दिया। प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला लखनऊ वर्सेज वाराणसी के बीच खेला गया। इसमें 25-13, 25-18, 25-21, 19-20, 8-15 से वाराणसी विजेता तथा उपविजेता लखनऊ टीम रही। एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश चैधरी व पत्रकार हेमराज कश्यप ने विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। वहीं अतिथियों का स्वागत बाबूलाल पटेल व रामबालक पटेल ने माला पहनाकर नकद पुरस्कार दिया। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी विजय कुमार, चेयरमैन रेकीबोर्ड वालीबाल एसोसिएशन धीरेन्द्र सिंह धान, जिलाध्यक्ष बॉलीबाल एसोसिएशन राकेश चैधरी, सचिव तुषारकान्त शास्त्री, अनिल बाबू, हेमराज कश्यप, बंटू दीक्षित समेत अन्य रहे।



इच्छा मेहरा को पुरस्कार देते अतिथि।

## दहेज हत्या में दोष सिद्ध होने पर चार को सजा

**चित्रकूट।** दहेज मृत्यु के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने मृतका के पति, देवर, सास समेत चार लोगों को आठ-आठ वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही सभी को आठ-आठ हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। शुक्रवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता गोपालदास ने बताया कि राजकुमार पाण्डेय ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने कहा था कि उसने अपनी बेटी प्रीति की शादी पहाड़ी थाने के पचोखर गांव के निवासी श्रवण कुमार उर्फ कृष्ण कुमार के साथ बीती 10 दिसम्बर 2020 को की थी। शादी में मिलने वाले दहेज से ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे और उसकी बेटी से दो लाख रुपये और एक मोटरसाईकिल की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। इसकी जानकारी उनकी बेटी ने फोन से दी थी। इसके बाद 18 सितम्बर 2021 को उनके गांव का रज्जू चतुर्वेदी पचोखर गया। जहां घर के अंदर प्रीति का शव चादर से ढका मिला और ससुराली जन गायब थे। इसकी जानकारी मिलने पर मृतका के मायके पक्ष के लोग पचोखर पहुंचे और ससुरालीजनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के पश्चात न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने निणर्य सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर मृतका के पति श्रवण कुमार उर्फ कृष्ण कुमार, देवर आनंद मिश्रा, सास गौरा देवी व रमाशंकर मिश्रा को आठ-आठ वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही आठ-आठ हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

## प्रिंसिपल पर प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई का आरोप

### वन विभाग की टीम ने रुकवाई अवैध कटाई, प्रिंसिपल को नोटिस जारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों के बीच चित्रकूट इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल रणवीर सिंह चैहान पर प्रतिबंधित हरे पेड़ों की अवैध कटाई का गंभीर आरोप लगा है। प्रिंसिपल ने बिना अनुमति के कॉलेज परिसर में लगे बेशकीमती पेड़ों की कटाई शुरू कर दी है। इन पेड़ों में शीशम, सागवन व बंबूर शामिल हैं, जो कि प्रतिबंधित श्रेणी में आते हैं।शक्रवार को सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर अवैध कटाई को रुकवाया। इसके साथ प्रिंसिपल को नोटिस जारी कर दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण करते हुए कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। डीएफओ एनके सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेजा है। प्रिंसिपल पर लगाए आरोप सिद्ध होते हैं तो उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। घटना ने शहर के पर्यावरण प्रेमियों में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है। उनका कहना है कि जहां एक ओर हरियाली को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं इस तरह की घटनायें पर्यावरण संरक्षण के लिए एक गंभीर खतरा बन सकती हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस मुद्दे पर प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है और भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा दिया जा सके।

# भारत को अरबों डॉलर की सबमरीन बेचने के लिए जर्मनी और स्पेन में लगी होड़

**बर्लिनः दुनिया** के सबसे बड़े हथियार खरीददार भारत को हथियार बेचने की होड़ लगी हुई है। ताजा मामला जर्मनी बनाम स्पेन का है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्चोल्ज भारत के दौरे पर पहुंचे हैं। उनकी इस यात्रा का एक बड़ा मकसद भारत को हथियार बेचना है। ओलाफ के साथ जर्मनी के रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री भी पहुंचे हैं। इस यात्रा के दौरान जर्मन चांसलर ने सैन्य रिश्ते मजबूत करने पर पीएम मोदी से बात करेंगे। जर्मनी भारत के साथ समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर बात कर रहा है। जर्मनी के चांसलर का बड़ा मकसद भारत को सबमरीन बेचना है। इससे पहले पिछले साल भी जर्मनी के चांसलर दो बार भारत आए थे। जर्मनी जिस सबमरीन डील पर नजरे गड़ाए बैठा है, उस पर एक अन्य यूरोपीय देश स्पेन की भी नजर है। आइए समझते हैं पूरा मामला



भारत कई साल से प्रोजेक्ट 75(क) के तहत 6 अत्याधुनिक परंपरागत पनडुब्बयिां खरीदना चाहता है। यह सबमरीन एयर इंडिपेंडेंड प्रपल्शन यानि एआईपी की तकनीक से लैस होगी। इस डील के लिए जर्मनी और स्पेन दोनों ही दावा ठोक रहे हैं। भारत जिस देश के साथ यह डील करेगा, उसके साथ आने वाले कई वर्षों तक रणनीतिक भागीदारी मजबूत हो जाएगी। जर्मनी की कंपनी ळङ्टर ने भारत की सरकारी कंपनी मजगांव डॉक शिपबिल्डर्स के साथ इस मेगा कॉन्ट्रैक्ट के लिए गठजोड़ बनाया है। इससे पहले जर्मनी की कंपनी ने भारत से दूरी बना रखी थी क्योंकि उसके पास बहुत ज्यादा ऑर्डर है।

जर्मनी बनाम स्पेन में मची होड़

जर्मनी सरकार के कहने पर ळङ्टर ने भारतीय सौदे के लिए जोर लगाना शुरू किया। जर्मनी की कंपनी चाहती है कि भारत से सरकार से सरकार के बीच सबमरीन डील हो जाए। ळङ्टर ने अपनी एआईपी तकनीक को इंडियन नेवी के फील्ड ट्रायल के दौरान दिखाया था। इसमें दक्कित यह है कि भारतीय नौसेना को बड़ी सबमरीन चाहिए लेकिन जर्मनी की ळ८स्त्री 214 पनडुब्बी छोटी है। वहीं ळङ्टर को भरोसा है कि भारत के साथ ऐतिहासिक रिश्तों की वजह से उसे ही यह डील मिलने जा रही है।

जर्मनी के बाद स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज भी 27 अक्टूबर को भारत आ रहे हैं। पिछले 18 साल में किसी स्पेनी नेता की यह पहली भारत यात्रा है। यह दोनों ही देशों के बीच बढ़ते रिश्तों को दशार्ता है। स्पेन भी अपनी पनडुब्बी भारत को बेचना चाहता है। स्पेन की कंपनी नवांतिया ने भारत की दिग्गज प्राइवेट कंपनी एल एंड टी के साथ गठजोड़ किया है। नवांतिया की पनडुब्बी भी एआईपी की तकनीक से लैस है।

कंपनी ने बताया कि उसकी एआईपी से लैस पनडुब्बी साल 2026 तक पूरी तरह से तैयार हो जाएगी। दोनों ही भारत सरकार के साथ डील करना चाहते हैं। वश्लिेषकों का कहना है कि दोनों ही यूरोपीय नेताओं की यात्रा यह दिखाती है कि वे भारत के साथ रक्षा संबंध मजबूत करना चाहते हैं। भारतीय नौसेना ने दोनों ही देशों की एआईपी तकनीक का परीक्षण कर लिया है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति की सैलरी, पेंशन और भत्ते



**वॉशिंगटनः अमेरिका** को अगले महीने होने वाले चुनाव के बाद अगले साल की शुरूआत में नया राष्ट्रपति मिल जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप या कमला हैरिस में से किसी एक के अमेरिका के अगले राष्ट्रपति बनने की उम्मीद है, जो दुनिया का सबसे ताकतवर पद माना जाता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति एक संघीय कर्मचारी होता है, जिसे स्टेट से वेतन मिलता है। हालांकि यह वेतन एक अमेरिकी की औसत आय से काफी ज्यादा है। एक अमेरिकी औसतन 44,500 डॉलर (37.41 लाख रुपए) प्रति वर्ष कमाता है, वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति को सालाना 400,000 डॉलर (3.36 करोड़ रुपए) का भुगतान किया जाता है।

फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति को पद से हटने के बाद भत्ता, ट्रैवल और मनोरंजन भत्ता और पेंशन मिलती है। अमेरिकी राष्ट्रपति को प्रति वर्ष 400,000 डॉलर का वार्षिक वेतन मिलता है। साथ ही हर साल 50,000 डॉलर (42 लाख रुपए) व्यय भत्ता, 100,000 डॉलर (84 लाख रुपए) का गैर-करयोग्य यात्रा खाता और मनोरंजन भत्ते के तौर पर 19,000 डॉलर (16 लाख रुपए) मिलते हैं। कुल मिलाकर एक साल में अमेरिकी राष्ट्रपति के सभी खर्चों के लिए 569,000 डॉलर (4.78 करोड़ रुपए) मिलते हैं। अमेरिकी कानून के अनुसार, भत्ते से इस्तेमाल नहीं की गई राशि राजकोष में वापस करनी होती है।

2001 में बढ़ाया गया था वेतन

अमेरिकी राष्ट्रपति का वार्षिक वेतन आखिरी बार यूएस कांग्रेस ने 2001 में जॉर्ज डब्ल्यू बुश के पदभार ग्रहण करने से ठीक पहले बढ़ाया था। अमेरिका में राष्ट्रपति की आय उस कार्यकाल के दौरान नहीं बदली जा सकती, जिसके लिए वह चुने गए हैं। वेतन के अलावा, यूएस राष्ट्रपति को राष्ट्रपति लिमोसिन, द बीस्ट, मरीन वन और एयर फोर्स वन में मुफ्त परिवहन और व्हाइट हाउस में मुफ्त आवास मिलता है। यूएस राष्ट्रपति को मिलने वाला एक और लाभ 200,000 डॉलर (1.68 करोड़ रुपए) की वार्षिक पेंशन है, साथ ही स्वास्थ्य सेवा कवरेज और सशुल्क आधिकारिक यात्रा भी है। अमेरिकी प्रेसीडेंट दुनिया में सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले नेता नहीं हैं। वर्तमान में दुनिया के सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले नेता सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग हैं। उनका सालाना वेतन करीब 1.69 मिलियन डॉलर (14.20 करोड़ रुपए) के बराबर है।

# सिगरेट से शरीर दागा फिर रेप और गर्भपात...

**प्योंगयांगः उत्तर** कोरिया के शासक किम जोंग उन ने देश में ऐसी सीक्रेट जेल बना रखी हैं, जिनमें कैदियों पर यातना की हदें पार की जाती हैं। किम सरकार के चंगुल से भागी एक उत्तर कोरियाई महिला ने देश की इन जेलों (टॉर्चर सेल) के बारे में बताया है। महिला का कहना है कि उत्तर कोरिया शासन के खिलाफ आवाज उठाने वाले और खासतौर से ऐसे लोगों के देश में वापस आने पर बलात्कार जैसी यातनाओं का सामना करना पड़ता है। द सन ने उत्तर कोरिया की एक महिला मिंजी (बदला नाम) के हवाले से की गई रिपोर्ट में ये दावा किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मिंजी ने छह बार उत्तर कोरिया से भागने की कोशिश की लेकिन हर बार पकड़ी गई और यातनाओं का सामना करना पड़ा। आखिरकार सातवीं कोशिश में वह देश से निकलने में कामयाब हुई और किम की टॉर्चर सेल के बारे में बताया। फिलहाल चीन में रह रही मिंजी का कहना है कि इन जेलों में महिलाओं के साथ रेप होता है, बच्चों की निर्मम हत्या कर दी जाती है तो बुजुर्गों को पीट-पीटकर मार डाला जाता है।

# कनाडा से लौटे भारतीय उच्चायुक्त ने कहा- इंडियन स्टूडेंट्स को कट्टरपंथी बनाने की कोशिश कर रहे खालिस्तानी

**ओटावा। वरिष्ठ** राजनयिक और भारत द्वारा वापस बुलाए गए उच्चायुक्त, संजय कुमार वर्मा ने गुरुवार को कनाडा में भारतीय छात्रों को अपने आसपास के माहौल के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। पिछले हफ्ते भारत ने कनाडा के ट्रूडो सरकार द्वारा लगातार भारत विरोधी रवैया अपनाए जाने के कारण उच्चायुक्त वर्मा और अन्य राजनयिकों, अधिकारियों को वापस बुलाने का फैसला किया था।

ओटावा ने जोर देकर कहा था कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से संबंधित मामले में भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक 'हितधारक' हैं। इस कदम को नई दिल्ली ने 'बेतुका आरोप' करार दिया।

वर्मा ने भारत लौटने के बाद एनडीटीवी को दिए इंटरव्यू में कहा, "इस समय कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से भारतीय समुदाय के बड़े हिस्से को खतरा है, जिसमें छात्र भी शामिल हैं। देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, नौकरियां कम हैं, इसलिए छात्रों को पैसे और भोजन की पेशकश की जाती है और इस तरह खालिस्तानी आतंकवादी अपनी नापाक योजनाओं के तहत उन्हें प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।"

भारतीय राजनयिक ने खुलासा किया कि कुछ छात्रों को कनाडा में भारतीय राजनयिक भवनों के बाहर विरोध प्रदर्शन करने, भारतीय ध्वज का अपमान करने की अपनी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करने के लिए भी राजी किया जाता है।

वर्मा ने कहा, "फिर उन्हें शरण मांगने के लिए कहा जाता है क्योंकि वह कह सकते हैं कि अगर मैं अब भारत वापस जाता हूं, तो मुझे सजा दी जाएगी...ऐसे छात्रों को शरण दिए जाने के मामले सामने आए हैं।" वर्मा, भारत के सबसे सीनियर राजनयिकों में से एक हैं, जिनका 36 वर्षों का शानदार करियर रहा है।

भारतीय राजनयिक ने कनाडा में छात्रों के माता-पिता से भी अपील की कि वे 'कृपया उनसे नियमित रूप से बात करें और उनकी स्थिति को समझने की कोशिश करें' और उन्हें 'गलत' विकल्पों से दूर रहने का मार्गदर्शन करें।

स्वदेश लौटने के बाद अपने पहले इंटरव्यू में वर्मा ने दोहराया कि तथाकथित चल रही जांच के बारे में कनाडाई अधिकारियों ने उनके साथ 'एक भी सबूत' साझा नहीं किया।

वर्मा ने कहा कि इसके विपरीत भारत ने ट्रूडो सरकार के साथ कनाडा की धरती पर सक्रिय कट्टरपंथी और चरमपंथी समूहों के



बारे में विस्तृत सबूत साझा किए थे, हालांकि इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कनाडा के साथ साझा किए गए सबूतों के अलावा, नई दिल्ली ने अपने उच्चायोग के माध्यम से 26 कट्टरपंथी तत्वों और गैंगस्टरों के लिए बार-बार प्रत्यर्पण अनुरोध भी भेजे, लेकिन इस पर कुछ नहीं किया गया।

# कनाडा इमिग्रेशन में करेगा 20 प्रतिशत की कमी, ट्रूडो का फैसला भारतीयों के लिए कितना बड़ा झटका?

ओटावाः कनाडा ने गुरुवार को अपनी इमिग्रेशन पॉलिसी में अहम बदलाव का ऐलान किया है। कनाडा में जस्टिन ट्रूडो की सरकार के फैसले से अगले तीन वर्षों में (2027 तक) स्थायी और अस्थायी निवासियों की संख्या कम हो जाएगी। आवास की कमी, सामाजिक बुनियादी ढांचे पर बोझ और इमिग्रेशन नीतियों पर बड़े वर्ग की नाराजगी के बीच यह बदलाव किए गए हैं। इसका भारतीयों पर खासतौर से असर होने जा रहा है, जो कनाडा की अप्रवासी और छात्र आबादी का बड़ा हिस्सा हैं।

फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, कनाडा ऐतिहासिक रूप से आप्रवासियों के लिए खुलेपन के लिए जाना जाता रहा लेकिन हाल के दिनों में उसके रुख में बदलाव दिख रहा है। कनाडा परमानेंट ही नहीं अस्थायी निवासियों की संख्या में भी अगले वर्षों में कमी करेगा। हालांकि इससे छोटे व्यवसाय मालिकों की अपने श्रमिकों को खोने की चिंता भी बढ़ रही है।

इस फैसले के पीछे वजह क्या है?

आप्रवासन में कटौती करने का कनाडा का निर्णय बुनियादी ढांचे के दबाव के चलते लिया गया है। कनाडाई जनता की राय उच्च आप्रवासन स्तर के खिलाफ बदल रही है क्योंकि घरों की कमी बड़ा मुद्दा बन गया है। सरकार के



अनुसार, आप्रवासन में कटौती से 2027 तक कनाडा के आवास आपूर्ति अंतर को 6,70,000 यूनिट तक कम किया जा सकता है।

बैंक ऑफ मॉन्ट्रियल में अर्थशास्त्र के निदेशक रॉबर्ट कैवसिक ने एक रिपोर्ट में कहा है कि नई आप्रवासन योजना अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे से तनाव कम करेगी जो हाल के वर्षों में कमजोर हो गई है। उन्होंने कहा कि आप्रवासन श्रम अंतराल को भरने के लिए जरूरी है लेकिन इसकी मौजूदा रफ्तार कनाडा के बुनियादी ढांचे से आगे निकल सकती है।

भारतीयों पर क्या होगा असर?

भारत के लोग कनाडा की आप्रवासी और अंतरराष्ट्रीय छात्र आबादी का बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ऐसे में इमिग्रेशन में कटौती के नतीजे के तौर पर भारतीयों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इस बदलाव का कनाडा में पढ़ाई और नौकरी के इच्छुक भारतीय छात्रों पर सबसे ज्यादा होगा। कनाडा के अस्थायी विदेशी कामगार कार्यक्रम (टीएफडब्ल्यूपी) के तहत वर्क परमिट में भारी कटौती और स्टडी परमिट पर सीमा तय होने से नौकरी और नागरिकता की उम्मीद कर रहे भारतीयों के लिए अवसर सीमित हो जाएंगे। ये कटौती आईटी और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में भी भारतीयों को प्रभावित करेगी।

कनाडा के आव्रजन लक्ष्यों में कमी को ट्रूडो सरकार का एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है। हालिया सर्वेक्षणों से पता चलता है कि करीब 60 प्रतिशत कनाडाई मानते हैं कि देश बहुत ज्यादा आप्रवासियों को स्वीकार कर रहा है।

# मालदीव कर्ज में डूबा, देश को बचाने के लिए मोहम्मद मुइज्जू सरकारी कर्मचारियों की काटेंगी सैलरी




**मालेः भार**त के पड़ोसी मालदीव के आर्थिक हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। इसे देखते हुए मालदीव के राष्ट्रपति ने आर्थिक सुधारों के प्रयासों के हिस्से के रूप में लागत में कटौती की घोषणा की है। मंगलवार को राष्ट्रपति के कार्यालय ने घोषणा की कि मोहम्मद मुइज्जू अपनी सैलरी में 50 फीसदी नहीं लेंगे। कर्ज के संकट से निपटने के लिए मालदीव में सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में भी कटौती की जाएगी। बैंकों को छोड़कर सभी राजनीतिक नियुक्तियों और सरकारी कर्मचारियों के वेतन में 10 फीसदी कटौती होगी।

माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर उन्होंने लिखा, 'जब 2025 का बजट पेश किया जाएगा तो आर्थिक सुधार एजेंडे के तहत सरकार खर्च को कम करने के लिए 2 साल की अवधि के लिए कई उपाय किए जाएंगे।' न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक मुइज्जू की सैलरी अगले साल से 39,087 डॉलर (600,000 रुफिया) हो जाएगी। 2016 की जनगणना के मुताबिक मालदीव में औसत घरेलू आय प्रति वर्ष 316,740 रुफिया है।

इनकी सैलरी नहीं कटेगी

जज और सांसदों को कटौती से छूट मिलेगी। हालांकि मुइज्जू के ऑफिस ने उम्मीद जताई है कि वे स्वेच्छा से 10 फीसदी की कटौती पर सहमत होकर बोझ को साझा करेंगे। दो सप्ताह पहले मुइज्जू ने बोझ को कम करने के लिए मंत्रियों समेत 225 से ज्यादा राजनीतिक नियुक्तियों को बर्खास्त कर दिया था। बर्खास्त लोगों में सात राज्य मंत्री, 43 डिप्टी मंत्री और 178 राजनीतिक निदेशक शामिल थे। इस कदम से देश को हर महीने 370,000 डॉलर बचत की उम्मीद है। मालदीव का विदेशी मुद्रा भंडार घट रहा मुइज्जू की घोषणा लगातार घटते विदेशी मुद्रा भंडार से जुड़ी चिंताओं के बीच आई है। अपने लेटेस्ट अपडेट में वर्ल्ड बैंक ने कहा कि मालदीव का विदेश मुद्रा भंडार गंभीर रूप से निम्न स्तर तक गिर गया है। विदेशी कर्जों को लौटाने के कारण तरलता जोखिम बढ़ रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार 2017 के बाद से अपने निचले स्तर पर पहुंच गया है। मालदीव के पास जितना रिजर्व है वह केवल एक महीने के आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त है।

# लादेन के आखिरी गढ़ रहे शहर में पाकिस्तान ने लगाई आतंकी फैक्ट्री

**इस्लामाबादः तीन** आतंकवादी संगठनों- लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिदीन और जैश-ए-मोहम्मद ने पाकिस्तान के केपी प्रांत के एबटाबाद शहर में एक ट्रेनिंग कैंप बनाया है। भारत सरकार पाक स्थित इन तीनों संगठनों को आतंकी गुट मानती है और प्रतिबंधित कर चुकी है। इन आतंकवादी संगठनों ने अपना ये साझा टेरर कैंप पाक सेना, खुफिया एजेंसियों से जुड़े एक परिसर में स्थापित किया है। एनडीटीवी ने सूत्रों से मिली



जानकारी के आधार पर ये दावा किया है।

एनडीटीवी की रिपोर्ट दावा करती है कि इस कैंप को एक 'सुरक्षित' जगह पर बनाया गया है और इसके ठीक बगल में पाकिस्तानी सेना का भी कैंप है। इससे साफ है कि पाक सेना की अनुमति से ही आतंकियों को प्रशिक्षित करने के लिए बाहरी लोगों की पहुंच संभव हो पाएगी। ये भी दावा किया गया है कि पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई का एक अफसर इस कैंप की निगरानी कर रहा है। खास बात ये है कि कैंप में महिलाओं को भी हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही है।

एबटाबाद को लादेन ने भी बनाया था ठिकाना

एबटाबाद वही शहर है, जहां पूर्व अलकायदा चीफ ओसामा बिन लादेन अपने आखिरी समय में रहता था। अफगानिस्तान से भागकर उसने यहां एक परिसार को अपना ठिकाना बनाया था। मई 2011 में अमेरिका की सेना ने यहीं पर लादेन पर हमला करते हुए उसे मार दिया था।।

पाकिस्तान ने 2012 में उस ढांचे को ध्वस्त कर दिया था, जो लादेन का ठिकाना था। हालांकि इसके खंडहर आज भी यहां पर मौजूद हैं।

रिपोर्ट में यह खुलासा नहीं किया गया है कि ये नया प्रशिक्षण शिविर ओसामा बिन लादेन का ठिकाना रहे घर के खंडहरों में बनाया गया है या फिर ये अलग है। समझा जाता है कि नया शिविर तीनों संगठनों के लिए भर्ती केंद्र है। इस नए आतंकवादी प्रशिक्षण केंद्र के खुलने की खबर ऐसे समय सामने आई है, जब जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले बढ़े हैं।

पाकिस्तान में आतंकी गुटों को हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन और मसूद अजहर चला रहे हैं। ये तीनों भारत की एजेंसी एनआईए की वांछित आतंकवादियों की सूची में हैं।

पाकिस्तान में ट्रेनिंग पाए आतंकियों का भारत में हमले करने का एक लंबा इतिहास रहा है। कई मौकों पर भारतीय सुरक्षाबलों ने पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया है या फिर गिरफ्तार किया है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# भारत के बाद ईरानी नौसेना के साथ आए सऊदी अरब के युद्धपोत

**तेहरानः पश्चिम** एशिया में तनावपूर्ण हालात के बीच सऊदी अरब की नौसेना कभी अपने सबसे कट्टर दुश्मन रहे ईरान की नौसेना के साथ आई है। शिया और सुन्नी नौसैनिकों का एक साथ आना ऐतिहासिक घटना करार दिया जा रहा है। दरअसल, ईरान ओमान की खाड़ी में एक युद्धभ्यास कर रहा है। इस अभ्यास में ईरान ने सऊदी अरब की नौसेना को भी आमंत्रित किया था। इसके बाद अब सऊदी अरब के युद्धपोत ओमान की खाड़ी में पहुंचे हैं। एक साल पहले ही दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी दुश्मनी में नरमी आई है। चीन ने दोनों के बीच सुलह कराने में अहम भूमिका निभाई थी। सऊदी और ईरानी नौसेना ऐसे समय पर युद्धाभ्यास कर रही है जब तेहरान पर इजरायल के मिसाइल हमले का खतरा अपने चरम पर पहुंच गया है। सऊदी अरब से पहले भारतीय नौसेना के युद्धपोतों ने भी ईरानी नौसेना के साथ युद्धाभ्यास किया था। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि की है कि उनके युद्धपोत 23 अक्टूबर को युद्धाभ्यास में शामिल हुए हैं। ब्रिगेडियर जनरल तुर्की अल मलकी ने कहा, 'शाही सऊदी नौसेना ने हाल ही में ईरान की नौसेना के साथ एक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया है।

# गाजा में इजरायल ने की बमबारी, 17 फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा। हमास** द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने कहा कि गुरुवार को गाजा पट्टी में इजरायली बमबारी में नौ बच्चों सहित कम से कम 17 फिलिस्तीनी मारे गए। शहादा अल-नुसेरात स्कूल के परिसर पर हुए बम हमले में 52 से अधिक लोग घायल हो गए तथा अनेक लोग लापता हो गए। मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा कि स्कूल ने हजारों विस्थापित लोगों को शरण दी है और उनमें से अधिकांश बच्चे तथा महिलाएं हैं।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इजरायली वायु सेना ने हमास आतंकवादियों पर हमला किया, जो नुसेरात के शुहादा अल-नुसेरात स्कूल में एक कमांड और नियंत्रण केंद्र के



अंदर काम कर रहे थे। इसमें कहा गया है कि कमांड और नियंत्रण केंद्र, जो पहले शहादा अल-नुसेरात स्कूल के रूप में कार्य करने वाले परिसर के अंदर स्थित था। उसका उपयोग आईडीएफ सैनिकों और इजरायल राज्य के खिलाफ हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया गया था।

हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइली सीमा के अंदर बड़ा हमला किया था। इसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 250 बंधक बनाए गए।

इसका बदला लेने के लिए इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू किया जो अब तक जारी है।

गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि गाजा पट्टी में चल रहे इजरायली हमलों में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 42,847 हो गई है।